संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -85 गुरुवार ,25 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### 4 पुलिस अधिकारी होंगे राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित



**जयपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** गणतंत्र दिवस पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 4 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

राष्ट्रपति पुलिस पदक से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस पुनर्गठन डॉ. प्रशाखा माथुर, हैड कांस्टेबल नम्बर 483 बृजेश कुमार निगम, सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक सीआईडी विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय जयपुर भीमसेन शर्मा एवं सेवानिवृत्त उप निरीक्षक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल भरतपुर प्रेम सिंह को सम्मानित किया जाएगा।

### उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी तक टली



**नई दिल्ली,24 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी तक के लिए टाल दी। दिल्ली दंगों में यूएपीए के तहत खालिद सलाखों के पीछे हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कई वजहों से मामले को स्थगित कर दिया।

### ममता बनर्जी सड़क हादसे में हुई घायल



**कोलकाता,24 जनवरी 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बुधवार दोपहर उस समय माथे पर मामूली चोट लगी जब वह जिस कार से यात्रा कर रही थीं, उसके ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। यह घटना तब हुई जब ममता बनर्जी बर्दवान में प्रशासनिक समीक्षा बैठक के बाद कोलकाता लौट रही थीं। घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि जब ड्राइवर ने अचानक कार का ब्रेक लगाया तो मुख्यमंत्री का सिर ड्राइवर की सीट के पीछे से टकराया। हालांकि, चोट मामूली थी और मुख्यमंत्री उसी वाहन से कोलकाता लौट गईं।

# संशोधित कानून को सरकार कैसे कर सकती है अस्वीकार

» एएमयू एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली,24 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) का अल्पसंख्यक दर्जा बहाल करने के लिए एएमयू एक्ट में 1981 में किए गए संशोधन को केंद्र सरकार द्वारा अस्वीकार करने पर सवाल उठाया। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कानूनी संशोधन को सरकार कैसे अस्वीकार कर सकती है। सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ की अगुवाई कर रहे प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सरकार यह कैसे कह सकती है कि वह संशोधन की वैधता को स्वीकार नहीं करती। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह ये नहीं सुन सकते कि संसद ने जो संशोधन किये हैं उसे भारत सरकार स्वीकार नहीं करती। सरकार को संशोधन स्वीकार करना होगा। उसके पक्ष में खड़ा होना होगा। सरकार के पास विकल्प है वह चाहे तो संशोधन को बदल दें। लेकिन विधि अधिकारी ये नहीं कह सकते कि वह संसद के द्वारा किये गए संशोधन को स्वीकार नहीं करते। कोर्ट ने कहा निस्संदेह संसद सर्वोच्च है उसकी विधाई शक्ति सर्वोच्च है। वह जब चाहे कानून संशोधित कर सकती है।

### संशोधनों को करना चाहिए स्वीकार

हालांकि कोर्ट द्वारा केंद्र के स्टैंड पर सवाल उठाए जाने पर केंद्र सरकार की पैरोकारी कर रहे सालिसिटर जनरल तुषार मेहता लगातार कहते रहे कि वह



यहां सात सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष संवैधानिक सवाल का जवाब दे रहे हैं। मेहता ने कहा कि सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के साथ हैं उसे सही मानती है, जिसमें हाई कोर्ट ने 1981 के एएमयू एक्ट में किए गए संशोधन को रद कर दिया था। मेहता ने कहा कि एक विधि अधिकारी होने के नाते उन्हें जो दृष्टिकोण सही प्रतीत होता है वह कहना उनका अधिकार है। उन्होंने कोर्ट के समक्ष आपातकाल के दौरान किये गए कानूनी संशोधनों का हवाला भी दिया और कहा कि क्या विधि अधिकारी होने के चलते उन्हें उन संशोधनों को स्वीकार करना चाहिए।

### संविधान में हुआ था 44वां संशोधन

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने उनकी दलीलें काटते हुए कहा इसीलिए संविधान में 44वां संशोधन हुआ था और जो आपातकाल के दौरान हुआ था उसे सुधारा गया था। मेहता ने कहा कि वह भी यही कह रहे हैं कि कोर्ट इस गलती को ठीक करे। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि आप हमारी ही बात सिद्ध कर रहे हैं कि गलती सुधारने की शक्ति निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की संस्था के पास है। कोई हमेशा यह नहीं कह सकता कि आपातकाल में हमने जो किया था वह गलत था और वह हमेशा उसे सुधार सकते हैं।

### कपिल सिब्बल ने बीच में किया हस्तक्षेप

इस दौरान एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे की मांग कर रहे ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्हें याद है आपातकाल के दौरान वे तत्कालीन अटार्नी जनरल के साथ कोर्ट में थे और उस वक्त अटार्नी जनरल ने आपातकाल के समय किये गए संशोधनों का कोर्ट में बचाव किया था। सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ आजकल एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर सुनवाई कर रही है।

### 60 साल बाद बदल दिये गए ऐतिहासिक तथ्य

60 साल बाद ऐतिहासिक तथ्य बदल दिये गए। इस पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसे दूसरे ढंग से भी देखा जा सकता है कि कानून की प्रस्तावना में संशोधन करके उसे ऐतिहासिक तथ्यों के अनुकूल किया गया है। तभी पीठ के दूसरे न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मेहता से सवाल किया कि 1981 का कानून संशोधन संसद ने किया था, आप उसे स्वीकार करते हैं कि नहीं। मेहता ने जैसे ही नहीं, में जवाब दिया जस्टिस चंद्रचूड़ ने आपत्ति उठाते हुए उनसे सवालों की झड़ी लगा दी और कहा कि आप संसद के द्वारा किये गए संशोधन को कैसे अस्वीकर कर सकते हैं।

### अगले मंगलवार को फिर होगी सुनवाई

मामले में अगले मंगलवार को फिर बहस होगी। बुधवार को केंद्र सरकार ने कोर्ट द्वारा कल पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बताया कि 1920 से 1950 से एएमयू और बीएचयू दोनों को एक - एक लाख रुपये सालाना सरकारी मदद मिलती थी कभी कभी दो लाख भी मिलती थी। यह भी बताया कि इस समय एएमयू को 1500 करोड़ की सालाना मदद मिलती है जबकि 30-40 करोड़ एएमयू अपनी तरफ से फीस आदि से जुटाता है। कोर्ट ने अभी यह तय नहीं किया है कि वह 1981 के कानून की वैधानिकता पर विचार करके फैसला देगा कि नहीं आज कोर्ट ने इस संबंध में पक्षकारों से विचार की चर्चा करते हुए इस संबंध में संकेत जरूर दिये।

### कानून में किये गए संशोधनों का दिया गया हवाला

बुधवार को केंद्र सरकार की ओर से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान न साबित करने के लिए 1920 के एएमयू एक्ट और समय समय पर उस कानून में किये गए संशोधनों का हवाला दिया। कहा 1951, 1965 और 1981 में हुए विभिन्न संशोधन हुए थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यीय पीठ के अजीज बाशा फैसले में एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान न मानने की दी गई व्यवस्था के बाद एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा बहाल करने वाले 1981 में हुए कानून संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा संशोधन उन्होंने पहली बार देखा है जिसमें कानून की प्रस्तावना में संशोधन करके ऐतिहासिक तथ्य को ही बदल दिया गया है।

# आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना के लिए अधिक धन

## सामाजिक सरोकार से जुड़ी सेवाओं पर रहेगा अधिक फोकस

**नई दिल्ली,24 जनवरी 2024 (ए)।** आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में सामाजिक सरोकार पर सरकार अधिक खर्च करने जा रही है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल जैसी अन्य सामाजिक सेवाओं से जुड़े मदों में सरकार चालू वित्त वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक राशि का आवंटन कर सकती है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में सरकार ने सामाजिक सेवाओं से जुड़े मदों में 22.4 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया था। वित्त वर्ष 2013-14 में सामाजिक सेवाओं से जुड़े मदों में सिर्फ 6.6 लाख करोड़ का आवंटन किया गया था। इस हिसाब से वित्त वर्ष 2013-14 से लेकर चालू वित्त वर्ष में सामाजिक सरोकार से जुड़े मदों में सालाना 14.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक, आयुष्मान भारत मिशन के साथ स्वच्छता अभियान, पीएम आवास, पेयजल सुविधा जैसी स्कीम पर फोकस से व्यक्तिगत रूप से स्वास्थ्य पर होने वाले जेब से बाहर (आउट ऑफ पाकेट) खर्च में वित्त वर्ष 2014 से वित्त वर्ष 2019 के




दौरान 16 प्रतिशत की कमी आई है।

### 40 प्रतिशत से अधिक लोगों के पास अपना घर नहीं

स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च के लिए कर्ज में कमी से लोगों की आय बढ़ी है और इससे ग्रामीण खपत में बढ़ोतरी हुई।सूत्रों के मुताबिक,आयुष्मान भारत में अभी पांच लाख रुपए तक के हेल्थ इंश्योरेंस का कवर दिया जाता है जिसे बढ़ाकर 7.5 लाख रुपए तक किया जा सकता है। सभी को आवास मुहैया कराने पर सरकार का विशेष जोर रह सकता है। नीति आयोग के मुताबिक, अब भी 40 प्रतिशत से अधिक लोगों के पास अपना घर नहीं है।

### जीडीपी को बढ़ाने में मिलेगी मदद

आर्थिक जानकारों के मुताबिक, सामाजिक सरोकार जैसे मदों में खर्च की बढ़ोतरी से लोगों के जीवन स्तर को ऊपर ले जाने में मदद मिलती है जिससे लोगों की उत्पादकता बढ़ती है और देश के जीडीपी को बढ़ाने में मदद मिलती है। इसलिए सरकार का फोकस इस दिशा में है।

### मनरेगा के मद में भी बढ़ोतरी संभव

चालू वित्त वर्ष के बजट के आरंभ में मनरेगा के मद में सिर्फ 60,000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था जिसे पूरक अनुमोदन में बढ़ाकर 74,500 करोड़ कर दिया गया। लेकिन मनरेगा के मद में होने वाले खर्च को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के आखिर तक इस मद में 98,000 करोड़ तक खर्च होने का अनुमान है। आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार इस खर्च को देखते हुए ही मनरेगा के मद में आवंटन करेगी।

# क्या सलाखों के पीछे जाने वाले हैं राहुल गांधी ?

### असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने दिया दो टूक जवाब

**गुवाहाटी,24 जनवरी 2024 (ए)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा जिनके खिलाफ यहां हिंसा भड़काने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। असम पुलिस ने कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान मंगलवार को यहां हिंसा भड़काने के आरोप में राहुल गांधी और पार्टी के अन्य कई नेताओं के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।

सीएम ने सिबसागर जिले के नजीरा में एक कार्यक्रम से इतर कहा, ''हमने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एक विशेष जांच दल तफ्तीश करेगा और उन्हें (राहुल को) लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा।'' लोकसभा चुनाव कुछ ही महीने में होने हैं। असम के पुलिस महानिदेशक



जीपी सिंह ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) द्वारा गठित एसआईटी के माध्यम से गहन जांच के लिए मामला असम सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया गया है।

### भीड़ को उकसाने का आरोप

इससे पहले, सीएम ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। कांग्रेस समर्थकों ने जब अवरोधक हटाए तो पुलिसकर्मियों के साथ उनकी झड़प हो गई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन बोरा और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया को चोट आई।

# कोयला खदानों से गैस निकालने के लिए 8500 करोड़ रुपये की मदद

### कोल गैसिफिकेशन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति पर कैबिनेट की मुहर

**नई दिल्ली,24 जनवरी 2024 (ए)।** कोयला खदानों से गैस निकालने की कोल गैसिफिकेशन योजना को केंद्र सरकार ने अब आर्थिक मदद दे कर इसे व्यवहार्य बनाने का फैसला किया है। बुधवार को पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई



कैबिनेट की बैठक में देश में कोयला खदानों से गैस निकालने की योजना के लिए 8500 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। यह राशि शुरुआत में तीन श्रेणियों में कोल गैसिफेकेशन परियोजनाओं को दी जाएगी। इसमें कुछ हिस्सा सरकारी कंपनियों की परियोजनाओं और कुछ हिस्सा निजी कंपनियों को देने का प्रस्ताव है।

उक्त राशि का एक छोटा हिस्सा छोटी परियोजनाओं के लिए भी आरक्षित रखा गया है।

# 16 फरवरी को किसानों ने बुलाया भारत बंद

» राकेश टिकैत ने बताया क्या है प्लान ?

» विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ गुस्सा

» भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने बताया प्लान

**नई दिल्ली,24 जनवरी 2024 (ए)।** अगले महीने की 16 तारीख को किसानों ने भारत बंद करने का फैसला किया है। किसान नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को कहा कि किसान 16 फरवरी को देश भर में कई मुद्दों को लेकर भारत बंद रखेंगे। इन मुद्दों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने वाले कानून को लागू न करना भी शामिल है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैत ने कहा कि किसान समूहों के अलावा, व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों से भी इस आंदोलन का समर्थन करने और उस दिन हड़ताल करने का आग्रह किया गया है।




### 16 फरवरी को भारत बंद,क्या बोले राकेश टिकैत ?

राकेश टिकैत ने कहा कि हमने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा सहित कई किसान समूह इसका हिस्सा हैं (स्यूरू)। किसानों को भी उस दिन अपने खेतों में जाकर हड़ताल नहीं करनी चाहिए। इससे पहले भी किसान अमावस्या के दिन खेतों में काम करना छोड़ देते थे। इसी तरह, 16 फरवरी को केवल किसानों के लिए अमावस्या है। उन्हें उस दिन काम नहीं करना चाहिए और कृषि हड़ताल का सहारा लेना चाहिए। इससे देश में एक बड़ा संदेश जाएगा।

### 16 फरवरी को क्या है पूरा प्लान समझिए

टिकैत ने कहा, हम व्यापारियों से भी समर्थन के लिए अपील कर रहे हैं और लोगों को भी उस दिन कोई खरीदारी नहीं करनी चाहिए। हम दुकानदारों से किसानों और मजदूरों के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखने की अपील करते हैं। हड़ताल के आह्वान के उद्देश्य के बारे में पूछे जाने पर टिकट ने कहा कि इसके कई कारण हैं। उन्होंने कहा, एमएसपी गारंटी पर कानून, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना, पेंशन योजना भी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले लोगों के लिए देश में एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यह अकेले किसानों की हड़ताल नहीं होगी क्योंकि अन्य संगठन भी इसमें भाग लेने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि परिवहन समुदाय, जिसने हाल ही में सड़क दुर्घटनाओं में शामिल वाहनों के चालकों के खिलाफ नए कड़े कानून का विरोध किया है, को भी 16 फरवरी को हड़ताल करने के लिए कहा गया है।

# फिलहाल रामलला के दर्शन करने अयोध्या न जाएं

### पीएम मोदी की कैबिनेट सहयोगियों से अपील

**नई दिल्ली,24 जनवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने कैबिनेट सहयोगियों से फिलहाल अयोध्या स्थित राम मंदिर जाने से परहेज करने की सलाह दी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट मंत्रियों की बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता को असुविधा न हो इसकी वजह से केंद्रीय मंत्री मार्च में अयोध्या का कार्यक्रम बनाएं।

सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तृत सुरक्षा विवरण के साथ शहर में वीवीआईपी और वीआईपी दौरों के कारण भक्तों की भारी भीड़ और जनता को होने वाली असुविधा पर चिंता व्यक्त की।

### पीएम मोदी ने क्या कुछ कहा ?

बकौल एजेंसी, प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय



मंत्रियों को सुझाव दिया कि उन्हें मार्च में अपनी अयोध्या यात्रा की योजना बनानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्रीय मंत्री मार्च में अयोध्या जाने की योजना बनाएं या फिर कार्यक्रम को स्थगित कर दें।

### रामलला के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद मंगलवार को भक्तों के लिए राम मंदिर के दरवाजे खोल दिए गए। इसी के साथ ही भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ पहुंचना शुरू हो गई। बता दें कि प्राण प्रर्तो ष्ठा के बाद मंगलवार को पांच लाख से अधिक भक्तों ने रामलला के दर्शन किए और बुधवार को भी भारी भीड़ देखने को मिली।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

एएनआई के साथ बातचीत में रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट अरुण कुमार तिवारी ने बुधवार को कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भक्तों को असुविधा न हो। मंदिर के अंदर और बाहर लगभग हजार जवानों को तैनात किया गया है। तैनाती अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी।

# पश्चिम बंगाल में फिर ईडी का एक्शन

### टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर छापेमारी

**कोलकाता,24 जनवरी 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल में राशन घोटाला मामले में बुधवार की सुबह ईडी का एक बार फिर एक्शन दिखा है। फरार चल रहे टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर ईडी की टीम छापेमारी करने पहुंची है। जानकारी के अनुसार उत्तर 24 परगना के संदेशखाली स्थित फरार टीएमसी नेता शाहजहां के घर पर ईडी की टीम ताला तोडक़र घुसी है। टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर से लेकर सडक़ तक सेंट्रल फोर्स की तैनाती की गई है। जिन्होंने टीएमसी नेता के घर को चारों ओर से घेर रखा है। बता दें कि ईडी ने लुकआउट नोटिस जारी कर रखा है।बता दें इससे पहले राशन घोटाला मामले में इससे ठीक 19 दिन पहले ईडी की टीम टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर छापेमारी करने पहुंची थी, जहां टीएमसी नेता के समर्थकों ने ईडी की टीम पर हमला बोल दिया था, जिसमें कई अधिकारी चोटिल हो गए थे। बुधवार की सुबह जब ईडी की टीम शाहजहां शेख के घर छापेमारी करने पहुंची तो इसके साथ स्थानीय पुलिस भी आ धमकी और वह ईडी की टीम से सर्च वारंट मांग रही है। बताया गया कि ताला तोडऩे वालों से टीएमसी नेता के घर का ताला तुड़वाया गया।



## संपादकीय

### अविवाहित बेटियों को अपने माता-पिता से भरण-पोषण का अधिकार

**भारतीय** घरों में बेटियों के अधिकार कम ही स्पष्ट हैं। उनका विवाह करना माता-पिता का प्राथमिक कर्तव्य प्रतीत होता है,अविवाहित वयस्क बेटियों का हमेशा घर में स्वागत नहीं किया जाता है। हालाँकि,इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि किसी भी उम्र या धर्म की बेटियों को अपने माता-पिता से भरण-पोषण पाने का अधिकार है। भरण-पोषण का अधिकार कई कानूनों से प्राप्त किया जा सकता है,लेकिन एक 'पीड़ति' बेटी के लिए भरण-पोषण का सबसे छोटा रास्ता घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम,2005 होगा। तीन महिलाओं ने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की थी उनके पिता और सौतेली माँ और निचली अदालत ने उन्हें अंतरिम भरण-पोषण प्रदान किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय इस आदेश के खिलाफ पिता और एक अन्य व्यक्ति द्वारा की गई अपील पर सुनवाई कर रहा था, इस दावे के आधार पर कि बेटियां वयस्क थीं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र थीं। हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा. यह एक यादगार फैसला है, खासकर तब जब केरल उच्च न्यायालय ने पिछले साल एक वयस्क बेटी के भरण-पोषण के दावे को चुनौती देने वाली एक पिता की याचिका पर फैसला सुनाते हुए फैसला सुनाया था कि एक बेटी जो बालिग है, सिर्फ इसलिए भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती क्योंकि उसे भरण-पोषण का साधन नहीं मिल रहा है। और वह भी, बिना किसी शारीरिक या मानसिक चोट को साबित किए।

उच्च न्यायालय के दो फैसलों से संकेत मिलता है कि कानून का अनुप्रयोग यांत्रिक नहीं है,प्रत्येक मामला अलग है। डीवी अधिनियम यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया था कि महिलाओं को उनके घरों में सही मायने में आश्रय मिले,किसी भी महिला रिश्तेदार को चोट नहीं पहुंचाई जा सकती या बाहर नहीं निकाला जा सकता। ऐसे समाज में जहां महिलाओं के खिलाफ हिंसा वास्तविक पिटाई से लेकर मौखिक और व्यवहारिक क्रूरता तक कई रूप लेती है, यह कानून बेहद महत्वपूर्ण है। प्रभावी होने के लिए, यह यथार्थवादी होना चाहिए; इसलिए, यह समाज की पितृसत्तात्मक संरचना को मानता है। इससे किसी भी कानून के पितृसत्तात्मक या महिलाओं के प्रति अति-सुरक्षात्मक होने की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। यद्यपि लिंग की समानता संविधान में परिकल्पित एक आदर्श बनी हुई है, और रोजमर्रा की जिंदगी में मौजूद नहीं है जहां महिलाओं के खिलाफ हिंसा नियमित है, कानूनों को महिलाओं के प्रति न्याय और अति-सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं के अधिकारों से अधिक समझौता नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति में बनी असमानता के कारण, अदालतों को उनके प्रत्येक मामले को उनकी व्यक्तिगत योग्यता के आधार पर निपटाने में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

# लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं विश्वास की समृद्धि का पर्व

**लोक** कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में आम जन को आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के समान अवसरों की



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा उत्तरप्रदेश

उपलब्धता एवं क्रियान्वयन को प्रमुखता दी गयी है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कृति के विकास के लिए प्रत्येक नागरिक एवं समाज को स्वतंत्रता होती है। लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा भारत वर्ष के लिए नवल विचार नहीं है क्योंकि यहां राज व्यवस्था में यह चिंतन प्राचीन काल से ही प्रभावी रहा है। रामराज्य में प्रजा हर प्रकार से सुखी थी। रामायण में रामराज्य का वर्णन जन हितकारी राज्य का अद्भुत उदाहरण है। महाभारत में शान्तिपर्व में भी मृत्यु शैय्या पर लेटे भीष्म ने युधिष्ठिर को राजधर्मानुशासन का पाठ पढ़ाते हुए जन सामान्य के सुख-सुविधाओं का ध्यान रखने का उपदेश दिया है तो विष्णुगुप्त चाणक्य ने भी अपने राजनीति विषयक ग्रंथ अर्थशास्त्र में लोकहितैषी राजा के गुण एवं आदर्श का वर्णन किया है। वास्तव में लोक कल्याणकारी राज्य का पथ लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया की भूमि से ही गुजरता है। क्योंकि लोकतंत्र में तानाशाही और निरंकुश सत्ता अधिनायक के लिए कोई जगह नहीं होती। इस प्रणाली में जनता को लोक हितैषी प्रतिनिधि चुनने एवं लोक हितकारी शासन सत्ता स्थापित करने का अधिकार होता है। साथ ही अपेक्षानुरूप प्रदर्शन करने में अक्षम होने पर जनता सत्ता को परवर्तित करने का अवसर एवं हक भी रखती है। और यह सम्भव होता है चुनाव अंतर्गत गोपनीय मतदान प्रक्रिया द्वारा, जिसका संचालन भारत निर्वाचन आयोग करता है। मतदान के प्रति जन जागरूकता एवं मतदाता भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष देश 14वां मतदाता दिवस मना रहा है।

लोकतंत्र के बारे में अब्राहम लिंकन का वह कथन प्रकाश स्तंभ बन चुका है जिसमें कहा गया है कि लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए जनता द्वारा चुनी गयी शासन प्रणाली है। यह प्रणाली तभी सार्थक सिद्ध होगी जब समाज लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अवगत होते हुए मतदान की महत्ता को समझे। वह अपने एक वोट की प्रतिष्ठा, माहात्म्य एवं गुरुता तभी समझ सकेगा जब वह 17 अप्रैल, 1999 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार का एक वोट से गिर जाना समझ पायेगा। अतः मतदाताओं में मतदान करने के प्रति उत्साह जगा निर्भय होकर मतदान करने, मतदान केंद्रों के अधिकारिता क्षेत्र में 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवक-युवतियों का पंजीकरण कर नये मतदाता बनाते हुए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक मतदान केंद्र एवं बूथ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 25 जनवरी को प्रति वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। समाज जागरण के लिए इस दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा किया जाता है। विविध क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोकप्रिय नायकों के मतदान करने सम्बंधी प्रेरक वायस एवं वीडियो संदेश, वृत्तचित्र एवं लघु फिल्म आदि का प्रसारण रेडियो एवं टेलीविजन पर किया जाता है। स्कूल, कालेज एवं विश्वविद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, क्विज काम्पटीशन, रंगोली, चित्रकारी एवं रेखांकन, भाषण एवं संगोष्ठियों का आयोजन करके मतदान के महत्व से जन सामान्य को परिचित कराते हुए अपने मत के उचित प्रयोग हेतु जागरूक किया जाता है। शपथ भी दिलाई जाती है। मतदाता दिवस के आयोजन हेतु हर वर्ष एक थीम निर्धारित कर तदनुसार कार्यक्रम किये जाते हैं। 2024 की थीम है - वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम। तो 2023 में - वोटिंग बेमिसाल है, मैं अवश्य वोट देता/देती हूं, थीम निर्धारित थीं।




उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी, 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था के रूप में की गयी थी। आयोग की 61वीं वर्षगांठ के अवसर पर 25 जनवरी, 2011 को प्रथम राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शुभारंभ तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल द्वारा किया गया था। तब से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण देश में इस दिवस को उत्सव की तरह मनाते हुए व्यापक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। ध्यातव्य है कि चुनाव आयोग के कार्यों में लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभाओं सहित राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के चुनाव करवाना शामिल है। सहयोग के लिए प्रत्येक प्रदेश में राज्य निर्वाचन आयोग भी गठित है जो विभिन्न पंचायतों एवं नगर निकायों आदि के चुनाव कराता है। आयोग की इस 75 साल की सांस्थानिक यात्रा में तमाम उतार चढ़ाव आये, अच्छे-बुरे अनुभवों से भी गुजरना हुआ। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, गतिशील, पारदर्शी, सर्व समावेशी, लोकतांत्रिक एवं न्यायपूर्ण बनाये रखने तथा बेहतरी के लिए सतत साधनारत रहा है। इसीलिए आज हम आयोग के कार्यों में स्तरोन्नयन एवं गुणवत्तापूर्ण बदलाव महसूस कर पा रहे हैं। बहुसदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र की जगह एकल सदस्यीय निर्वाचन बनाने, साधारण छपी हुई मतदाता सूची के स्थान पर कम्प्यूटरीकृत फोटो युक्त मतदाता सूची प्रकाशित करने, सचित्र मतदाता पहचान पत्र निर्गत करने तथा कागज के मतपत्र की जगह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान कराने तथा मतदाता द्वारा अपने मतदान को ईवीएम में डालने के बाद देखने हेतु विविपैट इस्तेमाल करने जैसे सुधारवादी कदम उठाये गये हैं। सनद रहे कि वर्ष 1982 में पहली बार केरल के परावुर विधानसभा चुनाव में प्रयोग के तौर पर 50 केंद्रों पर ईवीएम का प्रयोग हुआ था। आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया को सरल करने तथा मतदान केंद्र मतदाता के निवास क्षेत्र के यथा सम्भव निकट बनाने के सराहनीय प्रयास हुए हैं। मतपत्रों से मतदान प्रक्रिया के दौरान न केवल मतपत्र लूटने, बूथ कैप्चरिंग, हत्या एवं लड़ाई-झगड़े की घटनाएं आम हुआ करती थीं बल्कि मतदानकर्मियों को भी ढेर सारे मतपत्र एवं बैलेट बाक्स ढोने पड़ते और मतपत्रों के पृष्ठ भाग में हस्ताक्षर-मोहर करने पड़ते थे जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से थकान भरा काम होता था। तब प्रत्येक बूथ पर मतदाता संख्या भी अपेक्षाकृत अधिक हुआ करती थी। अब प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की संख्या कम करते हुए मतदान का समय भी बढ़ाया गया है जिसका सर्वाधिक लाभ बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के रूप में लगातार देखने को मिल रहा है। आयोग ने प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह सूदूर दक्षिण में समुद्र तटीय एवं द्विपीय स्थान हों या लेह-लद्दाख, कारगिल एवं लाहौल स्पीति जैसे बर्फ की चादर ओढ़े रहने वाले हिमाचल काश्मीरी भू भाग, आंखों की दृष्टि की सीमा से आगे तक फैले रेगिस्तानी प्रदेश हों या फिर सेवन सिस्टर्स के वनवासी रहवास, आयोग ऐसी प्रत्येक जगह मतदान केंद्र तैयार करने में सिद्ध हुआ है। स्मरणीय है कि हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले का टशीगंग भारत ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्र है। यह समुद्र तल से 15256 फीट (4650 मीटर) की उंचाई पर चीनी सीमा से मात्र 10 किमी अंदर स्थित है, जहां गत लोकसभा निर्वाचन में केवल 49 मतदाता थे। ज्ञातव्य है कि यहां सांस लेने में भी परेशानी होती है। एक संदर्भ देना समीचीन होगा कि आयोग के दसवें आयुक्त टी.एन. शेषन का छह वर्ष का कार्यकाल चुनाव सुधारों एवं आयोग के संवैधानिक नियमानुकूल सख्त रवैये के लिए जाना जाता है। शेषन ने ही मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र को अनिवार्य किया था और 1996 के चुनावों में पहली बार मतदाता पहचान पत्र का प्रयोग किया गया। कड़ाई से आचार संहिता लागू करने एवं प्रत्याशियों की खर्च सीमा तय करने का भी काम किया। मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान हेतु लुभाने के तमाम प्रलोभनों, प्रचार हेतु धर्म स्थलों के प्रयोग करने पर रोक लगाई। सही मायनों में आमजन तब पहली बार आयोग की शक्ति एवं सामर्थ्य को समझ पाया था।

देश की सर्वोच्च शक्ति संविधान निर्देशित लोकतंत्र में निहित है और सुदृढ एवं समर्थ लोकतंत्र का आधार मतदाता हैं, जनता है। वास्तव में राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं विश्वास की समृद्धि का पर्व है। कोउ नृप होय हमै का हानी के विरागी भाव से मुक्त होकर प्रत्येक निर्वाचन में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो, हर काम छोड़कर पहले सपरिवार मतदान फिर जलपान का भाव प्रबल हो, स्वयं तो मतदान करें ही साथ ही मित्र, परिचित एवं पड़ोसियों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने का सतत प्रयत्न हो, तभी मतदाता दिवस मनाने की सार्थकता सिद्ध होगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## छेरछेरा परब



हमर मन के गली-खोर म हवय डेरा।
माँगे बर आए हवन तुंहर घर छेरछेरा।।
धान ह धरागे, पुस पुन्नी के दिन आगे।
टूरी-टूरा मन सुआ
अउ डंडा नाच नाचे।।
हम लइका-पिचका मन घेरे हवन घेरा।
माँगे बर आए हवन तुंहर घर छेरछेरा।।
कोनों धरे हन बोरी, कोनों मन चुरकी।
कोनों धरे हन झोला,
कोनों मन अंगौछी।।
छबाए कोठी के धान ल झटकुन हेरा।
माँगे बर आए हवन तुंहर घर छेरछेरा।।
एक पसर देदे या देदे सूपा म भरके।
कहूँ खोंची म देबे,
लेलेबो हमन लरके।।
दूसर दूवारी जाना हे, होगे अबड़ बेरा।
माँगे बर आए हवन तुंहर घर छेरछेरा।।



अशोक कुमार यादव
मुंगेली, छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## धरम

मनखे मनखे ला जोड़,
अइशन व्यवहार कर
इही हमर धरम आए,
तेकर तै परचार कर!!
लूट झूठ ला जी छोड़,
फोकट मत मार कर
इही हमर धरम आए,
तेकर तै परचार कर!!
जि अऊ जियन दे,
तेकर तै जुगाड़ कर
इही हमर धरम आए,
एकर तै परचार कर!!
गिरा के तै पसीना,
सम्पत्ति ला तइयार कर
इही हमर धरम आए,
तेकर तै परचार कर!!
नीति धर्म के बन संगी,
एको मत अत्याचार कर
इही हमर धरम आए,
तेकर तै परचार कर!!
दुखयारी के दुख सुन,
ओकर नइया पार कर
इही हमर धरम आए,
तेकर तै परचार कर!!



लक्ष्मी नारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## रोचक



सुभाष बुड़ावन वाला,
रतलाम, मध्यप्रदेश

**गायब** करने की तकनीक विकसित कर रहा है चीन चीन के वैज्ञानिक चीजों को अदृश्य करने की तकनीक विकसित करने पर काम कर रहे हैं। खबरों के अनुसार चीन इस तकनीक का सैन्य इस्तेमाल कर सकता है। हांगकांग की एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन की सरकार ने ऐसे शोध समूह को आर्थिक मदद उपलब्ध कराई है जो चीजों को आँखों या इलेक्ट्रॉनिक सेंसरों के लिए अदृश्य बना देने की तकनीक पर काम कर रहे हैं।

इस तकनीक का इस्तेमाल स्टील्थ विमान के विकास में किया जा सकता है। हालाँकि वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तकनीक को विकसित होने में अभी दशकों लग सकते हैं क्योंकि फिलहाल इनमें इस्तेमाल हो सकने वाले सक्त्रुपर तत्वसक्र् उपलब्ध नहीं है। अखबार के मुताबिक पिछले हफ्ते झेजियांग चिट्ठी आई है यूनिवर्सिटी ने एक वीडियो जारी किया था जिसमें यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित ऐसे ग्लास पैनल दिखाए गए थे जिनमें वुछ मछलियां और बिल्लियां अदृश्य हो गई थी। हैरी पॉटर फिल्म में दिखाए गए जादुई लबादे जैसी चीज बनाने की उम्मीद होने के बावजदू शुरुआत में इस शोध के उप-उत्पाद विकसित किए जाएंगे। साउथ चाइना मोंनिग पोस्ट के मुताबिक झेजियांग यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित किया जा रहा एक उपकरण हथियारों और सैनिकों को इंफ्रा रेड सेंसरों के लिए अदृश्य बना देगा। पिछले महीने ही अमेरकिा के भौतिक शास्त्रियों ने कहा था कि वे ऐसे बेहद सूक्ष्म इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम की जांच कर रहे हैं जिसका विकास सभी कोणों से देखने पर किसी चीज को अदृश्य बनाने के लिए किया जा सकता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# छत्तीसगढ़ के लोक परब दान के प्रतीक छेरछेरा

**छत्तीसगढ़** के पावन भुइँया,जेखर महिमा अपरंपार हे।एकर कतको बखान करे जाय कम ही हे।जब भुइँया के बात आथे,त ए माटी के



अशोक पटेल आशु
तुस्मा, शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

सुरता हमन ल बरबस ही धान के रिगबिग-रिगबिग छटके ल ह ल ह ा त फसल के बाली ह, डोली ह, अउ खेती-खारी ह झलक जाथे।छत्तीसगढ़-माटी के इही पहचान आय,इही ह तो चिन्हारी आय।तभे तो कहे जाथे-

**छत्तीसगढ़ के पावन माटी**
**जेखर महिमा हे बड़ भारी।**
**ये माटी के अड़बड़ महात्तम**
**जेमा उपजे हे अनकुमारी।**

इही अन्न धान के पाछु म हमर छत्तीसगढ़ म किसम-किसम के परब ल मनाय जाथे।जेखर उद्देश्य हमर संस्कृति,सभ्यता,रहन-सहन,रीति-रिवाज अउ हमर पुरखा के मान-बड़ाई अउ धरम ल अंगीकार करना,अउ आने वाला पीढ़ी ल ओकर महात्तम ल बताना आय।

इही परिपाटी म आथे हमर लोक परब छेरछेरा जेला छत्तीसगढ़ के सबले बड़े परब के रूप म जाने जाथे।जे दिवस म अन्न के दान ल अब्बड़ महत्व माने जाथे।अउ इही दिन ल हमर छत्तीसगढ़ीहा मरार बन्धु मन शाकम्भरी जयंती के रूप म भी मनाथे।

ये लोक परब ल मनाए जाथे पूस पुन्नी के पावन दिवस म। ये दिन म नान्हे-नान्हे लईका सियान, जवान, जम्मो हमर सँगी-जहुँरिया, भाई-बहिनी मन टुकनी-चरिहा धर के गाँव-गंवई के खोर-गली म टोली बनाके मोहाटी-मोहाटी म जाके छेरछेरा-छेरछेरा-माई कोठी के धान ल हेरहेराके टेर लगाथे।अउ फेर घर के सियान मन अपन शक्ति अनुसार धान के दान करथें।एक तरह से देखा जाय तो एहर हमर छत्तीसगढ़ के बहुत सुग्घर पावन परम्परा आय,जेमा दान देना अउ दान लेना के संस्कृति ह झलकथे।




अउ ए परम्परा ल मनाय के कारण एहर आय की नावा फसल के मिंजाई हो जाथे जेला सुग्घर मन्जा के अपन घर ले आथें।घर के कोठी-डोली ह धान म भर जाथे।अउ इही खुशी के कारण मनाय जाथे लोक परब छेरछेरा।

ये लोक परब छेरछेरा के उत्सव ह खेती-किसानी के प्रमुख धंधा म दान पुण्य के रिवाज ल सुरता करा देथे।अउ इही बहाना हमर छत्तीसगढ़ के जनमनास म एक उत्सव अउ सामाजिक एकता समरस भावना के संचार होथे।

ए सुग्घर बेरा म गांव के युवा स ंग ी-जहुंरिया मन टोली बनाके झांझ-मंजीरा मांदर सँग कूद- लईया मार-मार के छेरछेरा माँगत डंडा गीत म न ा च थ े ं-गाथें।गांव म जगह-जगह लाइ-मुर्रा के लाड़ू बेचात रहिथे जेला कुलकुछा हो के जनमानस सहित लईका मन अड़बड़ बिसाके खाथें।

अउ ए प्रकार से ए लोक परब छेरछेरा धीरे-धीरे दान देहे के परमपरा बन गिस। ए परम्परा ल हमर गांव के जनमानस मन श्रद्धा-विस्वास के साथ मनाना शुरु कर दिन।जे पर्व हर मात्र एक परम्परा बस नोहय,एमा छत्तीसगढ़ के सासंस्कृतिक अउ धार्मिक महात्तम हर भी फरी-फरी झलकथे,जेमा श्रद्धा विस्वास के, मया पिरित के, भाईचारा ह दिख जाथे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## छेरछेरा

कोनो धरे झोला,कोनो धरे कांवर.
कोनो धरे चुमडी हे
दान के पुण्य कमाए बर
धान धर के खड़े सीता माई हे
छत्तीसगढ़ के छेरछेरा
सबो संगी मन आज मनावत हे
छोटे-छोटे बाल गोपाल
घर-घर छेरछेरा बर जावत हे
छेर मराकिन छेरछेरा के
अंगना म जम्मो नारा लगावत हे
रामधुन के संग सियान मन
छेरछेरा के डहकी लगावत हे
का लइका का सियान सबे
मस्ती म आज नाचत गावत हे
छोटे-छोटे बाल गोपाल घर -घर
छेरछेरा बर जावत हे
पुष् पुन्नी के दान तिहार
छेरछेरा जेकर सुघघर नाम हे
छत्तीसगढ़ के दान परब
जेकर महिमा अब्बड़ महान हे
वृन्दावन सही मोर गाँव म
दान पुण्य के गंगा बोहवत हे
छोटे -छोटे बाल गोपाल घर-घर
छेरछेरा बर जावत हे
आपस में सदभाव संग
मिलजुल के तिहार मनावत हे
का चैतू का बैशाखु उच-नीच
के सबे भेद ला मेटावत हे
नाचत गावत जम्मो संगी जाति-पाती
के भेद मिटावत हे
छोटे -छोटे बाल गोपाल घर-घर
छेरछेरा बर जावत हे
छोटे -छोटे बाल गोपाल घर-घर
छेरछेरा बर जावत हे



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# धर्म सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा

**कोई** कुछ भी कहे अगले लोकसभा चुनाव में व्यापक रूप से हिंदुत्व और खासतौर से राममंदिर सबसे बड़ा मुद्दा होने जा रहा है। कुछ समय पहले तक राजनीतिक रूप से राममंदिर का मुद्दा समाप्त मान लिया गया था। लेकिन उस समाप्त हो चुके मुद्दे को भाजपा ने फिर से जिंदा कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जैसा भव्य आयोजन हुआ है और कार्यक्रम के हर फ्रेम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जैसी मौजूदगी रही है उसके बाद कोई संदेह नहीं रह गया है कि यह अगले चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा होने वाला है। चुनाव की घोषणा से पहले पूरे देश और पूरी दुनिया को राममय करने का विशाल अभियान चुनाव को ध्यान में रख कर ही चलाया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरा देश उत्सव के माहौल में था और अगले तीन महीने इस माहौल की तीव्रता कम नहीं होने दी जाएगी। अयोध्या में राममंदिर को लेकर कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत पीवी नरसिंह राव की दो बातें मिथक की तरह प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने दक्षिणपंथी विचारों का बचाव करते हुए किसी नेता से कहा था कि कांग्रेस भाजपा से तो लड़ सकती है लेकिन भगवान राम से कैसे लड़ सकती है। उनकी दूसरी बात यह है कि वे मानते थे कि विवादित ढांचा टूट जाने के बाद अयोध्या का मामला समाप्त हो जाएगा। उनका दावा था कि 1992 में बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा टूटने के बाद अयोध्या का मामला भाजपा के हाथ से निकल गया है। यह बात पूरी तरह से सही नहीं साबित हुई। क्योंकि उसके बाद भाजपा 1991 के 89 सीटों से 1996 में 161 सीटों पर पहुंच गई और उसके बाद 1999 और 2004 के चुनावों में 183 सीटों पर रही।अब अब उसके 20 साल बाद राममंदिर एक बार फिर चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी ने अपने दो चुनावों में इसे मुद्दा नहीं बनाया था। उनका पहला चुनाव यानी 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस सरकार की एंटी इन्कम्बैंसी पर था। हिंदुत्व का अंडरकरंट भी था क्योंकि 2002 के गुजरात दंगों के बाद से नरेंद्र मोदी खुद कट्टपंथी हिंदुत्व का प्रतीक चेहरा बन कर उभरे थे। लेकिन प्रचार की थीम मोटे तौर पर महंगाई, भ्रष्टाचार और कमजोर नेतृत्व पर थी। दूसरा यानी 2019 का चुनाव व्यापक रूप से राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के मुद्दे पर लड़ा गया। इसके लिए पुलवामा कांड और उरी व बालाकोट स्ट्राइक को मुद्दा बनाया गया।

लेकिन इस दस साल की अवधि में ऐसा नहीं है कि अयोध्या के प्रोजेक्ट को भुला दिया गया था। वह मंथर गति से आगे बढ़ रहा था। साथ ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने का अभियान भी चल रहा था। मैकियावेली ने 'द प्रिंस' लिखा है कि 'राजा को चाहिए कि वह जनता को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाए क्योंकि धार्मिक जनता पर शासन करना बहुत आसान होता है'। सो, नरेंद्र मोदी देश की जनता को धार्मिक बनाने में लगे रहे। उन्होंने अपनी छवि एक समर्पित हिंदू बुजुर्ग की बनाई। वे मंदिरों में जाते तो पूरी भाव भंगिमा एक धर्मप्राण हिंदू की होती। कैमरे के साथ मंदिर में जाने की चाहे जितनी आलोचना की जाए लेकिन उससे उनकी छवि आम हिंदू के मन में स्थापित हुई। इस लिहाज से उनका दूसरा पांच साल पहले पांच साल से बहुत अलग था। पहले पांच साल में वे योजनाओं की बात करते रहे लेकिन दूसरे पांच साल में भाजपा के पुराने वादों को पूरा करने पर जोर दिया और मंदिरों की परियोजनाओं को पूरा कराया। कॉशी कॉरिडोर परियोजना और उसके उद्घाटन समारोह में गंगा में डुबकी लगाने के बाद जलपात्र हाथ में लिए मोदी की जो छवि बनी उसने व्यापक हिंदू समाज को अभिभूत किया। उनकी सरकार ने अनुच्छेद 370 समाप्त किया तो राममंदिर का निर्माण भी करा दिया। निश्चित रूप से राममंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ है लेकिन आदेश देने वाले चीफ जस्टिस रंजन गोगोई को राज्यसभा भेज कर नरेंद्र मोदी ने अपना मैसेज हिंदू जनता तक पहुंचा दिया।

धार्मिक परियोजनाओं को पूरा करने और देश की जनता को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने के बाद मोदी अपने तीसरे चुनाव में धर्म का मुद्दा लेकर मैदान में उतरेंगे। देश की जनता किस तरह से धार्मिक हुई है और धार्मिक जनता का रूझान कैसे भाजपा की ओर बना है यह सीएसडीएस-लोकनीति के एक सर्वेक्षण से जाहिर होता है। इस संस्था जुड़े जाने माने चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने एक लेख लिखा है, जिसमें बताया है कि देश की हिंदू धर्मप्राण जनता का 51 फीसदी हिस्सा भाजपा को वोट करता है। पिछले चुनाव में 49 फीसदी ने भाजपा को वोट किया था और उससे पहले 31 फीसदी धर्मप्राण जनता भाजपा को वोट करती थी। उनके सर्वेक्षण के मुताबिक ऐसे हिंदू जो नियमित पूजा-पाठ करते हैं उनमें से 53 फीसदी ने पिछले चुनाव में भाजपा को वोट किया था और सिर्फ 10 फीसदी ने कांग्रेस को वोट डाला था।इसके साथ ही भारत में धर्मप्राण हिंदुओं की संख्या भी बढ़ रही है। कई सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मंदिर जाने वाले युवाओं की संख्या बढ़ रही है। जींस-टीशर्ट पहनने वाले युवाओं में मंदिर जाने का चलन बढ़ा है तो सोशल मीडिया में धार्मिक कंटेंट सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। धार्मिक गाने रातों रात हिट हो रहे हैं और धर्मगुरुओं की बाढ़ आई हुई है। इस बीच एक आंकड़ा यह आया है कि गोरखपुर में गीता प्रेस की छपाई मशीनें 24 घंटे चल रही हैं और तब भी रामचरितमानस की मांग पूरी नहीं हो रही है। गीता प्रेस में हर महीने रामचरितमानस की एक लाख प्रतियां छप रही हैं फिर भी गोदाम में कोई कोई स्टॉक उपलब्ध नहीं है। सोचें, एक तरफ रामचरितमानस और तुलसीदास पर हमले हैं तो दूसरी ओर बिक्री का रिकॉर्ड है!

बहरहाल, जनता को धार्मिक बनाने का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद भाजपा अगले चुनाव में व्यापक रूप से हिंदू धर्म और खासतौर से राममंदिर का मुद्दा बना रही है। जिस तरह का आयोजन 22 जनवरी को हुआ है और जैसा आयोजन आने वाले दिनों में होगा उसे देखते हुए कोई संदेह नहीं कि यह सबसे बड़ा मुद्दा होने वाला है। अगले दो महीने में 50 लाख लोग अयोध्या पहुंचेंगे और चुनाव के बीच रामनवमी के दिन बड़ा आयोजन होगा, उस समय देश में चुनाव चल रहा होगा। सो, इस बार का चुनाव रामलला के नाम है। वैसे भी यह गाना इन दिनों बहुत मशहूर हो रहा है कि 'जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे'। हालांकि कई समझदार लोग इसका विरोध कर रहे हैं और कह रहे हैं कि कोई व्यक्ति कैसे राम को ला सकता है। राम तो सबको लाए हैं फिर राम को लाने की बात का क्या मतलब है? लेकिन समझदार लोगों की बात सुनता ही कौन है!

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सकालो स्तिथ नर्सरी में अवैध शराब निर्माण करने के मामले में अपचारी बालक सहित तीन गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सकालो जंगल में स्थित वन विभाग के रेस्ट हाउस के पीछे अवैध महुआ शराब का कारखाना चल रहा था। इसका भंडाफोड़ मंगलवार को ग्रामीणों ने किया है। दरअसल गांव में चोरी से परेशान ग्रामीण चोरों की तलाश में जंगल में घुसे थे। इसी दौरान जंगल में अवैध शराब का कारखाना देखकर सभी दंग रह गए। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक नबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



थाना गांधीनगर पुलिस को 23 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि प्रतापपुर रोड सकालो स्तिथ नर्सरी के अंदर झाला बनाकर संदेही कमल सिंह एवं अन्य 2 लोगों द्वारा गुपचुप तौर पर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। उक्त व्यक्तियों द्वारा घटना दिनांक कों महुआ शराब का विक्रय किये जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर प्रतापपुर रोड स्तिथ सकालो नर्सरी के अन्दर एक पुराने झाले की घेराबंदी कर मौके से 3 संदिग्धों की धरपकड़ की गई। जो संदिग्धो से पूछताछ करने पर एक विधि से संघर्षरत बालक, कमल सिंह पिता झिमन राम उम्र 28 वर्ष साकिन कुडकेल अहीरपारा थाना बतौली व मोहित सिंह उर्फ भगत आत्मज झिमन राम उम्र 26 वर्ष साकिन कुडकेल अहीरपारा थाना बतौली की तलाशी लेने पर संदिग्ध कमल सिंह के कब्जे से 20000 रुपए नगद बरामद किया गया, संदेहियों से नर्सरी स्तिथ झाले के सम्बन्ध में कड़ाई पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त झाले के अंदर अवैध महुआ शराब बनाने हेतु बड़े पैमाने पर महुआ पास, अवैध महुआ शराब, कन्टेनर एवं अन्य उपकरण रखे गए हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके पर झाला की तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में कन्टेनर में रखा हुआ महुआ शराब, महुआ शराब बनाने हेतु जमा किया गया महुआ पास, गुड पास, नापक यंत्र, हीटर, एक्सास्ट फैन एवं अवैध भट्टी जिसमे कई प्रकार के यंत्रो की सहायता से महुआ शराब का निर्माण करने हेतु व्यवस्था किया गया था। पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरोपियों के निशानदेही पर कुल 460 लीटर अवैध महुआ शराब, 200 लीटर कन्टेनर में रखा 100 किलोग्राम महुआ पास, 200 लीटर कन्टेनर मे 200 किलोग्राम महुआ पास कुल 300 किलोग्राम महुआ पास, 500 लीटर का कन्टेनर जिसमे 500 लीटर गुड पास, 300 लीटर का कन्टेनर जिसमे 300 लीटर गुड पास कुल 800 लीटर गुड पास, 2 नग 500 लीटर का खाली पानी टंकी, 300 लीटर का 1 खाली नीला कन्टेनर,200 लीटर का 3 नग खाली कन्टेनर कुल 6 नग कन्टेनर, 9 नग डेकची जिसमे पाइप लगा हुआ हैं। एक्सास्ट फैन 2 नग, 2 नग नापक यंत्र, 1 पैकेट ईगल कंपनी कंपनी का ड्राई ईस्ट, 2 नग हीटर, 1 नग टुल्लू पम्प पाइप सहित,1 नग सफ़ेद पीवीसी पाइप, 20 हजार नगद कुल किमती लगभग 66 हजार रुपये एवं झाले में रखा गया भारी मात्रा में कोयला बरामद किया गया है। जब्त कोयले के सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा अग्रिम जांच विवेचना की जा रही हैं।

### भट्टी बनाकर बनाई जा रही थी अवैध शराब

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से जप्त किये गए सामान के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि उक्त झाला में अवैध महुआ शराब का निर्माण करने हेतु भट्टी बनाकर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाई जा रही थी,आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्रवाई कर विधि से संघर्षरत बालक एवं 2 अन्य आरोपियों के विरुद्ध थाना गांधीनगर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है। वहीं विधि से संघर्षरत बालक कों न्यायिक अभिरक्षा में बाल संप्रेक्षण गृह भेजा दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा,सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय,सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह,प्रधान आरक्षक मनोज मालवीय,आरक्षक अमरेश सिंह,अरविन्द उपाध्याय,सतीश चौहान शामिल रहे।

## अज्ञात बोलेरो की टक्कर से घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जशपुर जिले के ग्राम घौटा टोली में 22 जनवारी की शाम को अज्ञात बोलेरो ने युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिनेश्वर सदलोहार पिता दुलवा उम्र 40 वर्ष जशपुर जिले के ग्राम घौटा टोली का रहने वाला था। वह 22 जनवारी की शाम को गांव के ही महादेव मंदिर में पूजा कर पैदल घर आ रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## केन्द्र सरकार ने हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने किया था वादा



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की उपस्थिति में बुधवार अम्बिकापुर ब्लॉक युवा कांग्रेस की विशेष बैठक में रोजगार दो-न्याय दो का पोस्टर जारी किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित इस बैठक में युवा कांग्रेस के इस राष्ट्रव्यापी अभियान का पोस्टर जारी किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व से पश्चिम के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा की जा रही है। इस न्याय यात्रा में देश में व्याप्त बेरोजगारी भी प्रमुख मुद्दा है। इसे ध्यान रखकर युवा कांग्रेस द्वारा रोजगार दो-न्याय दो का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने चुनाव से पहले यह वादा किया था कि वो प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराएगी। लेकिन वो अपने वायदे पर खरी नहीं उतरी। बैठक का संचालन शुभम जायसवाल द्वारा किया गया। इस दौरान जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, अनूप मेहता गुरुप्रीत सिद्धू,हिमांशु जायसवाल, अमित तिवारी, स्वर्णिम शुक्ला, अविनाश कुमार, पंकज शुक्ला, राजनीश सिंह, विकास केशरी, आशिका कुजूर, शिवांशु, मिथुन सिंह, नीरज तिवारी, मुजस्सम, राहुल सोनी, अनिकेत, आफताब, साहिल, अनुराग,पीयूष, अतुल, मनीष, अंकुश, पीयूष, आशीष, अलि, सालिक, अनुग्रह, मयंक, आशु, अमन, ज्ञान, गौतम, रुस्तम, राकेश, आर्यमान, निखिल, सद्दाम, सतीश, निलेश आदि उपस्थित थे।

## गर्म पानी में गिरने से जख्मी बच्ची की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

गर्म पानी में गिरने से चार वर्षीय बच्ची जल गई थी। उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नितिका कुमारी पिता दयानंद उम्र 4 वर्ष बिश्रामपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी।

वह 22 जनवरी को खेलते-खेलते गर्म पानी में गिर गई थी। इससे वह गंभीर रूप से जल गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने गर्म कपड़ों का किया वितरण



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सरगुजा द्वारा बुधवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष निवास केडिया, प्रदेश मंत्री मुकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र अग्रवाल, युवा समाजसेवी अंकित अग्रवाल, महिला सम्मेलन की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलता गोयल, जिलाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, कविता अग्रवाल, तरुणा अग्रवाल की उपस्थिति में स्वेटर का वितरण विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहन स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिस पर सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा नगद 501 रुपए का पुरस्कार दिया गया। पूर्व में भी विकास अग्रवाल व्याख्याता द्वारा सामाजिक संगठनों से सामंजस्य बना कर इसी प्रकार के छात्र-छात्राओं हेतु उपयोगी कार्यक्रम कराते रहे हैं। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या एमएम एक्का, प्रेमलता गोयल, रामलखन यादव, केके सिंह, विजय त्रिपाठी, योगेन्द्र चौबे, अर्जुन सिंह बंजारे, शीला यादव, नम्रता गुप्ता, बबिता तिवारी, आस्था जयसवाल,प्रियंका मेहता, स्मृति सिन्हा, ब्रिजीट कुजूर, शिवानंद राठौर, राजमणि मिश्रा, दुर्गानंदन गोंजे एवं संस्था के समस्त छात्र-छात्राओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

## बालक पालक सह वार्षिकोत्सव का हायर सेकेण्डरी सलका में हुआ आयोजन

**जन प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों की संख्या शामिल हुए पालक व विद्यार्थी**

- संवाददाता -
उदयपुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका में बालक पालक सम्मेलन सह वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

आयोजन के अवसर पर सरस्वती पूजन कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय में आए हुए सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत के पश्चात प्राचार्य महोदय श्री बाल भगवान राम के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वचन सभी के द्वारा कराया गया

वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला सलका प्राथमिक शाला सलका पीएम श्री विद्यालय सलका तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पालक संख्या में पालक के साथ भूतपूर्व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे। निर्धारित समय में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तथा आए हुए विभिन्न अतिथियों में से ग्राम सरपंच राम सिंह जी के द्वारा अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने सत्र 2023- 24 में बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी को 10वीं और 12वीं स्तर पर पृथक - पृथक 2100 रुपए प्रदान करने की बात कही।

कार्यक्रम में उपस्थित संतोष जायसवाल के द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वचन स्वरूप 22 जनवरी के उपलक्ष में पूरे देश में हुए कार्यक्रम की बधाई दी गई तथा विद्यालय स्तर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की गई कार्यक्रम में भरत लाल गुप्ता जी ने शिक्षकों एवं पालको को बधाई देते हुए विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की ।

भोजवंती सिंह जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत उदयपुर के द्वारा वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में एक सुंदर जसगीत प्रस्तुत कर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्राचार्य बाल भगवान राम के द्वारा बच्चों में मादक द्रव्यों की उपयोग के प्रति अत्यधिक लगाव से होने वाली हानियों के बारे में चिंता जाहिर की गई तथा विद्यालय का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता गुरु दास महंत एवं नरसिंह सूर्यवंशी ने कविता पाठ किया तथा आए हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया गया । सभी अतिथियों तथा छात्र-छात्राओं एवं पालकों ने अपनी सहभागिता पूरे समय तक पूरी तन्मयता से निभाई।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत उदयपुर भोजवंती सिंह, दीपक सिंघल, रविंद्र सिंह दांगी ,राम प्रसाद गुप्ता , धरम, भरत लाल गुप्ता, संतोष जायसवाल, संतोष गुप्ता ,पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष राम नारायण, ग्राम सरपंच राम सिंह ने आशीर्वचन स्वरूप बच्चों से बात की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम समाप्त किया गया

कार्यक्रम की रूपरेखा मेरी बहालेन धान, फुल केरिया मिंस ,मंजू कुजूर,तुलेश्वरी सिंह ,के द्वारा तैयार किया गया कार्यक्रम के संचालन में राखी कुमार ,संतोष कुमार पांडे, गुरू दास, शांडिल्य के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की सलका इकाई के समस्त स्वयंसेवकों का सक्रिय सहयोग रहा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ऋषि कुमार पांडे के द्वारा किया गया।

## प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर राम जानकी मंदिर शिव मंदिर और सीता बेंगरा में हुआ दीप प्रज्वलन

**» शारदा महिला मंडल युवा मित्र मंडली श्याम दीवाने और भगवाधारी की टोलियों ने निभाई सहभागिता**

- संवाददाता -
उदयपुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर रामगढ़ के राम जानकी मंदिर सीता बेंगरा शिव मंदिर कृष्ण मंदिर और हनुमान जी की प्रतिमा के समीप 7100 से अधिक दीपक जलाए गए।

शिव मंदिर के समीप सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक राम भक्तों ने राम चरित मानस का पाठकर भजन कीर्तन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम के नारे लगते रहे । इससे पूर्व सभी मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

युवा मित्र मंडली के सदस्यों द्वारा 650 की कठिन सीढ़ी पर 3200 फीट की ऊंचाई चढ़कर दोपहर 2 बजे राम जानकी मंदिर पहुंचे और पूरे परिसर की साफ सफाई कर एक हजार दीपक से सजाकर पूजा अर्चना और भजन पश्चात सायं 5 बजे दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात सायं 6 बजे सीता बेंगरा पहुंचकर जोगीमारा गुफा और सीता बेंगरा को दीपक से ऐसा सजाया की दीप प्रज्वलन के बाद पूरी गुफा लालिमा लिए प्रकाश से आलोकित होने लगा । ऐसा लगा की श्रीराम जी स्वयं यहां विराजमान हो गए है।



शिव मंदिर कृष्ण मंदिर गायत्री मंदिर और हनुमान जी की प्रतिमा के समीप भी दीप प्रज्वलन कर जमकर आतिशबाजी कर दीपावली मनाई गई।

हजारों की संख्या में लोग इस पल के साक्षी बने और सेल्फी फोटो वीडियो के माध्यम से इस पल को सहेज कर रख लिया ताकि यह पल जीवन भर उनके जेहन में बसा रहे।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर,एक की मौत,दो घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुनिया मेन रोड में ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए थे। तीनों को कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां एक युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नैहर साय पिता कतको उम्र 40 वर्ष ग्राम उडुमकेला थाना सीतापुर का रहने वाला था। वह 23 जनवरी की सुबह गांव के ही बिहानू और रूपेश के साथ बाइक से मैनपाट जाने निकाला था। रास्ते में कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र कुनिया मेन रोड के पास ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां नैहर साय की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम अंतर्गत चट्टीडांड़ स्कूल में खेलकूद और नृत्य प्रतियोगिताएं हुई सम्पन्न










- संवाददाता -
सूरजपुर, 24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ में प्रधान पाठक गौतम शर्मा और शिक्षिका विनिता सिंह के मार्गदर्शन एवं शिक्षक संतोष चंदेल के समन्वय में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम अतंर्गत माताओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें कुर्सी दौड़,चम्मच दौड़,जलेबी दौड़ और मटका फोड़ के साथ एकल नृत्य प्रतियोगिताएँ करायें गये । इस प्रतियोगिता में विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं की माताओं के साथ भूतपूर्व छात्र - छात्राओं की माताएँ भी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई । सर्वप्रथम मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी माताओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत - अभिनंदन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए,अपना बचपन एक बार फिर से जिया। पहली बार इस तरह के आयोजन से माताओं में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़ में प्रथम किरण सारथी एवं द्वितीय नीलमा,मटका फोड़ में प्रथम किरण सारथी एवं द्वितीय कौशिल्या सारथी, चम्मच दौड़ में प्रथम सुलेखा एवं द्वितीय लीला सारथी और जलेबी दौड़ में प्रथम किरण सारथी एवं द्वितीय श्रीमती नीलमा तथा एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम कौशिल्या सारथी, द्वितीय उषा देवी एवं तृतीय अंतरा नायक रही। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में सभी माताओं को शिक्षा जागरूकता हेतु शपथ दिलाई गई। सभी विजयी प्रतिभागी माताओं को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इस पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में माता उन्मुखीकरण समिति का अध्यक्ष जानकी देवी और रसोईयासीमावती एवं फंलागो सहित सभी माताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**» माताओं ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपना बचपन एक बार फिर से जिया**

CMYK

# कोरोना की दवा के गैरकानूनी व्यापार मामले में भारतीय मूल का नागरिक दोषी करार,अवैध लाभ कमाने के गंभीर आरोप

**वाशिंगटन,24 जनवरी 2024।** अमेरिका में कोरोना की दवा का गैरकानूनी व्यापार करके अवैध लाभ कमाने के मामले में भारतीय मूल के पूर्व फाइजर कर्मचारी अमित डागर को दोषी करार दिया है। आरोपी पर फार्मास्यूटिक कंपनी द्वारा दवाओं का क्लिनिकल परीक्षण परिणामों के बारे में जानकारी के आधार पर गैरकानूनी व्यापार करके अवैध लाभ कमाने का आरोप है।



### कोरोना की दवा के गैरकानूनी व्यापार में फंसे

न्याय विभाग ने एक बयान में कहा कि मामले में दो सप्ताह की सुनवाई के बाद न्यू जर्सी के हिल्सबोरा के रहने वाले अमित डागर को पिछले सप्ताह प्रतिभूति धोखाधड़ी की साजिश के एक मामले में दोषी ठहराया गया था। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, नवंबर 2021 में आरोपी अमित डागर ने कोविड-19 के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा पैक्स्लोविड के परिणामों के बारे में अंदरूनी जानकारी के आधार पर विकल्प ट्रेडिंग से अवैध लाभ कमाने के लिए गैरकानूनी व्यापार योजना में भाग लिया।

### फाइजर के कर्मचारी दोषी करार

गौरतलब है कि आरोपी उस वक्त फाइजर का कर्मचारी था। नैदानिक दवा परीक्षणों में डेटा विश्लेषण के प्रबंधन में सहायता करता था। चार नवंबर, 2021 को अमित डागर को पता चला कि हल्के से गंभीर कोविड-19 संक्रमण के इलाज के लिए डिजाइन की गई दवा पैक्स्लोविड के फाइजर परीक्षण ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं।

### आरोपी अमित के खिलाफ थे पर्याप्त सबूत- डेमियन

अमेरिकी अटॉनी डेमियन विलियम्स ने कहा कि जैसा कि फैसले से पता चलता है, अमित डागर के खिलाफ सबूत पर्याप्त थे। फाइजर से पैक्सलोविड के बारे में जानकारी चुराई और शेयर बाजार में लाभ के लिए उस अवैध बढ़त का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हमारे वित्तीय बाजारों में भ्रष्टाचार से निपटना इस कार्यालय की प्राथमिकता बनी हुई है। प्रतिभूमि धोखाधड़ी में दोषी पाए जाने पर अधिकतम 20 साल जेल की सजा होती है और प्रतिभूति धोखाधड़ी की साजिश में दोषी पाए जाने पर पांच साल सजा होती है।

# विवादास्पद ऑनलाइन सुरक्षा विधेयक को संसद से मंजूरी,विपक्ष बोला-खत्म हो जाएगी अभिव्यक्ति की आजादी

**कोलंबो, 24 जनवरी 2024।** श्रीलंका की संसद ने विवादास्पद ऑनलाइन सुरक्षा को मंजूरी दी है। विधेयक पर दो दिन तक बहस चली। इसके बाद बुधवार को इसके पक्ष में 108 और विरोध में 62 वोट पड़े। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से दिए गए संशोधन के सुझावों को भी इस विधेयक में शामिल किया गया था। विपक्ष इस विधेयक की आलोचना कर रहा था। विधेयक में ऑनलाइन सामग्री की निगरानी करने का प्रावधान है। आलोचकों का कहना है कि यह द्वीप राष्ट्र में अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म कर देगा।

संसद से मंजूरी के बाद यह विधेयक अब कानून का रूप ले चुका है। इसके तहत ऑनलाइन सुरक्षा आयोग के गठन का भी प्रावधान है। जो अपराध पर दंडात्मक फैसले ले सकेगा। यदि कोई व्यक्ति बिना तथ्यों के कोई बयान ऑनलाइन प्रसारित करता है और इसके लिए वह दोषी पाया जाता है तो उसे पांच साल से ज्यादा समय के लिए जेल की सजा हो सकती है या पांच लाख रुपये (एसएलआर) से ज्यादा का जुर्माना लगाया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने विधेयक के 57 प्रावधानों में से 31 में संशोधन का फैसला किया था।



इससे पहले विधेयक की कड़ी आलोचना की गई थी। कहा जा रहा था कि यह अभिव्यक्ति की आजादी में बाधा बनेगा। विपक्ष ने एशियाई इंटरनेट गठबंधन (एआईसी) के बयान का हवाला दिया कि विधेयक विदेश निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों में बाधा बनेगा। विपक्ष ने संकल्प लिया कि सत्ता में आने के बाद वह इसे निरस्त कर देगी। एआईसी ने कहा था, प्रस्तावित विधेयक (कानून) अपने मौजूदा स्वरूप में कई चुनौतियां पेश करता है। जिन्हें अगर संबोधित नहीं किया जाता है, तो यह श्रीलंका की डिजिटल अर्थव्यवस्था में संभावित वृद्धि को कम कर सकता है।

# श्रमिकों को ले जा रहा विमान टेक-ऑफ के बाद दुर्घटनाग्रस्त

### छह की मौत,बढ़ सकती है हताहतों की संख्या

**ओटावा, 24 जनवरी 2024।** उत्तरी कनाडा में मजदूरों को खदान में ले जा रहा एक छोटा यात्री विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, इस हादसे में एक व्यक्ति की जान बच गई है। हालांकि, व्यक्ति की हालत के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।



### उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान दुर्घटनाग्रस्त

विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सेना और संघीय पुलिस मौके पर पहुंचीं। बचावकर्मियों ने मलबा बरामद किया। ट्रेंटन, ओंटारियो में संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र ने कहा कि सुबह के 8:50 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान से संपर्क टूट गया था। शहर के एक अस्पताल ने बताया कि उन्होंने अपने सामूहिक प्रोटोकॉल को सक्रिय कर दिया है। जबकि, आर्कटिक क्षेत्र के प्रमुख कोरोनर गार्थ एगरबर्गर ने कहा कि मृतकों की गिनती जारी है। उन्होंने इसके अलावा कोई अन्य जानकारी नहीं दी है।

जेटस्ट्रीम ट्विन टर्बोप्रॉप एयरलाइनर का संचालन करने वाली नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि यह एक चार्टर विमान था, जो श्रमिकों को खदान तक ले जा रहा था। रनवे से 1.1 किलोमीटर दूर ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिलहाल फोर्ट स्मिथ से सभी विमानों को रोक दिया गया है। इस हादसे की जांच के लिए कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने एक टीम तैनात किया है।

# राष्ट्रपति की रेस से बाहर नहीं,लंबा रास्ता बाकी ट्रंप से हार के बाद भी भारतवंशी की आस बरकरार?

**वॉशिंगटन,24 जनवरी 2024।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 की प्रक्रिया जारी है। न्यू हैंपशर में प्राइमरी की रेस में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को विजेता घोषित किया गया है। ट्रंप से पिछड़ने के बावजूद भारतवंशी प्रत्याशी निक्की हेली ने हार मानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उम्मीदें बरकरार हैं। हालांकि, उन्होंने ट्रंप को जीत की बधाई भी दी। हेली ने कहा कि व्हाइट हाउस की रेस अभी खत्म नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिकर हैंपशर प्राइमरी चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद हेली ने राजधानी कॉनकॉर्ड में समर्थकों से बात की।

उन्होंने कहा कि न्यू हैंपशर का मुकाबला अमेरिका में पहले नंबर पर या देश में सबसे आखिरी मुकाबला है ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ अभी खत्म नहीं हुई है। खबरों के मुताबिक दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर रहीं हेली बुधवार को गृह राज्य का दौरा कर सकती हैं। हेली पाल्मेटो से अपना दौरा शुरू करेंगी।



गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यू हैंपशायर में रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी में बड़ी जीत मिली है। ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी भारतवंशी उम्मीदवार निक्की हेली को इस परिणाम से बड़ा झटका लगा है। ट्रंप को इस जीत से नवंबर में होने वाले चुनाव में बड़ी बढ़त मिलने की संभावना है।

### चुनाव परिणाम पर अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट

हिल की रिपोर्ट के मुताबिक कुल मतदान का 26 प्रतिशत वोटों की गिनती के बाद ट्रंप के खाते में 53.8 प्रतिशत वोट गए। इसी समय हेली को केवल 45.5 प्रतिशत वोट मिले। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 फीसदी वोटों की गिनती के बाद ट्रंप 53.1 फीसदी वोट मिले। 11 डेलीगेट्स के साथ ट्रंप निक्की हेली से आगे भी हैं।

### ट्रंप निक्की हेली को रनिंग मेट बनाने से इनकार कर चुके हैं

ट्रंप ने इससे पहले निक्की हेली को उपराष्ट्रपति बनाने से इनकार कर दिया था। इसलिए न्यू हैंपशर के परिणाम उनके लिए बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र जैसे शीर्ष मंच पर अमेरिका का प्रतिनिधित्व पर चुकीं निक्की हेली को रनिंग मेट यानी उपराष्ट्रपति पद का रिपब्लिकन प्रत्याशी बनाने की संभावनाओं को ट्रंप ने सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि एक सीनेटर के तौर पर निक्की हेली ठीक हैं, लेकिन उन्हें उपराष्ट्रपति पद का संभावित उम्मीदवार या उनका रनिंग मेट नहीं माना जा सकता।

# नौ मई की हिंसा से जुड़े सात मामलों में इमरान की जमानत याचिका बहाल,अब भी जेल से बाहर आना मुश्किल

**लाहौर,24 जनवरी 2024।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अदालत से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक को अभी भी जेल में ही रहना होगा। दरअसल,लाहौर हाईकोर्ट ने मंगलवार को नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले और हिंसा से जुड़े सात मामलों में खान की अग्रिम जमानत याचिकाएं बहाल कर दी।

हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति आलिया नीलम और न्यायमूर्ति फारूक हैदर की पीठ ने खान की याचिका पर सुनवाई की,जिसमें तोशाखाना मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े मामलों में उनकी अग्रिम जमानत याचिकाओं को खारिज करने के संबंध में लाहौर की आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) के फैसले को चुनौती दी गई थी



इमरान खान के वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि ट्रायल कोर्ट ने कानून का उल्लंघन करते हुए उनके मुवक्किल की जमानत याचिका खारिज की। उन्होंने दलील दी कि जेल में बंद होने के कारण खान अपनी जमानत की सुनवाई के लिए ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके। ट्रायल कोर्ट ने बिना उन्हें तलब किए जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। सफदर ने हाईकोर्ट से निचली अदालत के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया।

वहीं, सरकार का पक्ष रखने वाले कानून अधिकारी फरहाद अली शाह ने इमरान खान की याचिका का विरोध किया और तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट ने खान की जमानत को खारिज कर दिया। हालांकि, हाईकोर्ट ने खान की अग्रिम जमानत याचिकाओं को बहाल करने का फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को जेल से वीडियो लिंक के जरिये इमरान खान की पेशी सुनिश्चित करने और योग्यता के आधार पर उनकी जमानत याचिकाओं पर फैसला करने का भी निर्देश दिया।

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने 13 जनवरी को पीटीआई के चुनाव चिन्ह क्रिकेट बैट को छीन लिया था। इसके बाद पार्टी के उम्मीदवारों ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पाकिस्तान चुनाव आयोग पहले ही खान और उनकी पार्टी के कई नेताओं के नामांकन पत्र खारिज कर चुका है।

# जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में भारतीय-अमेरिकी जोड़ा दोषी,20 साल की जेल की सजा

**वॉशिंगटन,24जनवरी 2024।** अमेरिका के वर्जीनिया में शख्स से अपनी दुकानों पर जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में एक भारतीय-अमेरिकी जोड़े को दोषी पाया गया है। वर्जीनिया में संघीय अदालत में चले इस मामले में हरमनप्रीत सिंह (30) और कुलबीर कौर (43) पर अपने ही एक दूर के भाई से गैस स्टेशन और किराने की दुकान में जबरन काम करने का मामला चल रहा था। इसमें पाया गया कि इस जोड़े ने न सिर्फ शख्स कैशियर के तौर पर काम कराया, बल्कि उससे खाना बनवाने, साफ-सफाई कराने और दुकानों में बिक्री का लेखा-जोखा भी रखवाते थे।

मामले में दोषी पाए जाने के बाद अब इस जोड़े को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा रिहाई के पांच साल बाद भी उन पर निगरानी रखी जाएगी। इस जोड़े पर 2,50,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक वकील जनरल क्रिस्टेन क्लार्क ने कहा कि इस जोड़े ने अमेरिका में युवक को स्कूल भेजने का झूठा वादा किया। लेकिन उसे स्कूल न जाने देकर पीड़ित का भरोसा तोड़ा। इसके अलावा उससे शारीरिक,मानसिक तौर पर दुर्व्यवहार का शिकार भी बनाया गया। वह भी इसलिए ताकि यह जोड़ा युवक से हर तरह का फायदा उठा सके।



हरमनप्रीत और कुलबीर को पीड़ित के आव्रजन से जुड़े दस्तावेजों को जब्त करने और उसे समय समय चोट पहुंचाने का भी दोषी पाया गया। बताया गया है कि इस जोड़े ने उसके रहन-सहन की स्थिति को और बिगाड़ दिया था और उससे कम तनख्वाह में कई-कई घंटे काम कराया गया। अभियोजन पक्ष ने कहा कि जबरन मजदूरी और मानव तस्करी घिनौने अपराध हैं, जिनकी समाज में कोई जगह नहीं है।

# आम चुनाव से पहले पाक सरकार का फैसला वोटिंग के दौरान सुरक्षा के लिए तैनात होगी सेना



**इस्लामाबाद,24 जनवरी 2024 ।** पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को औपचारिक रूप से 8 फरवरी के चुनावों के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियमित सेना के जवानों को तैनात करने का निर्णय लिया। सेना तैनात करने का फैसला कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

सैनिकों की तैनाती के लिए सारांश आंतरिक मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किया गया था। कैबिनेट बैठक के अंत में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, संघीय कैबिनेट ने आंतरिक मंत्रालय की सिफारिश पर आम चुनावों के शांतिपूर्ण संचालन के लिए पाकिस्तानी सेना और नागरिक सशस्त्र बल के जवानों की तैनाती को मंजूरी दे दी।

### 126 मिलियन से अधिक मतदाताओं ने डाला था अपना वोट

मंत्रालय के अनुसार,ये बल संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों पर ड्यूटी करेंगे और त्वरित प्रतिक्रिया बल के रूप में भी काम करेंगे। यह निर्णय पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा 8 फरवरी को देशभर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए 277,000 सैन्य कर्मियों को तैनात करने की मांग के बाद आया है, जब 126 मिलियन से अधिक पाकिस्तानी मतदाताओं ने अपना वोट डाला था।

### सेना पहले से ही है तैयार

सशस्त्र बलों को नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सुरक्षा या सरकार द्वारा आवश्यक कोई अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संविधान के तहत तैनात किया जाता है, जो कैबिनेट द्वारा अनुमोदन के माध्यम से ऐसी किसी भी तैनाती को अधिकृत करती है। सेना ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह चुनावी प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए किसी भी तरह की मदद देने को तैयार है, क्योंकि देश उग्रवाद के बढ़ते खतरे का सामना कर रहा है।

वर्ष 2023 आतंक संबंधी घटनाओं के कारण 2015 के बाद से सबसे खराब वर्षों में से एक था। इस महीने की शुरुआत में,खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के पीके-104 के लिए चुनाव लड़ना चाह रहे एक स्वतंत्र उम्मीदवार,कलीमुल्ला खान अशांत उत्तरी वजीरिस्तान जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके अलावा,उसी समय स्वाबी में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता शाह खालिद की भी मौत हो गई,जब मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार पर गोलीबारी की।

# तुर्किये की संसद ने स्वीडन की नाटो सदस्यता को दी मंजूरी,चीन की इमारत में भीषण आग,39 लोगों की मौत

**अंकारा,24 जनवरी 2024।** तुर्किये की संसद ने मंगलवार को स्वीडन को नाटो में शामिल किए जाने संबंध में लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इससे स्वीडन के दुनिया के शक्तिशाली सैन्य गठबंधन में शामिल होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार,तुर्किये की संसद में 346 सदस्यों में से 287 ने स्वीडन को नाटो में शामिल करने के पक्ष में मतदान किया,जबकि 55 सांसदों ने इसका विरोध किया।

### चीन की इमारत में भीषण आग,39 लोगों की मौत

पूर्वी चीन के जियांगशी प्रांत में बुधवार को एक इमारत में आग लगने से कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई। आग शिन्यू के युशुई जिले में एक सड़क की दुकान में लगभग 3 बजे लगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सुरक्षा दुर्घटनाओं की बार-बार होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाने का आदेश दिया है।

### दक्षिण पश्चिम चीन में भूस्खलन के बाद मरने वालों की 25 तक संख्या

दक्षिणपूर्वी चीन में बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद मरने वालों की संख्या 25 तक पहुंच गई है, बचाव दल जीवित बचे लोगों का पता लगाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं। मंगलवार तक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 19 लोग लापता हैं।



अधिकारियों ने चल रहे खोज अभियान के लिए लगभग एक हजार बचाव कर्मियों और 45 रेस्क्यू कुत्तों को तैनात किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार,सीसीटीवी फुटेज में कहा गया है कि 18 घर दब गए और 500 से अधिक लोगों को निकाला गया। शी ने चीनी अधिकारियों से चीनी नव वर्ष नजदीक आने पर बड़े हादसों से बचने के लिए हाई अलर्ट पर रहने का भी आग्रह किया।

### टिड्डियों के खतरे से निपटने में सहायता के लिए अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र निकाय ने भारत को धन्यवाद दिया

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, यह देखकर अच्छा लगा कि अफगानिस्तान में टिड्डियों के खिलाफ संघर्ष में भारत हमारा सहयोगी है। इस समर्थन के लिए धन्यवाद। 40 हजार लीटर मैलाथियान कीटनाशक की आपूर्ति दो ट्रकों में की गई और आधिकारिक तौर पर तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान सरकार के कृषि,सिंचाई और पशुधन मंत्रालय को सौंप दिया गया। बता दें कि शुष्क क्षेत्रों में अपनी प्रभावकारिता और न्यूनतम पानी के उपयोग के लिए जाना जाने वाला मैलाथियान टिड्डी नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है। यह सहायता न केवल अफगानिस्तान में तत्काल खतरे को संबोधित करती है बल्कि पड़ोसी मध्य एशियाई देशों में टिड्डियों के प्रसार को रोकने के लिए भी काम करती है।

### नेपाल में जनमत पार्टी ने मधेश सरकार से समर्थन वापस लिया

जनमत पार्टी ने मधेश सरकार से अपने दो मंत्रियों को वापस बुला लिया है। साथ ही जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन भी वापस ले लिया है।

जनमत पार्टी के प्रदेश सांसद संजय यादव ने बताया कि उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर मिश्र को पत्र देकर बताया है कि उन्होंने मधेश सरकार छोड़ दी है। सरकार में जनमत पार्टी के कोटे से शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्री महेश प्रसाद यादव और श्रम एवं परिवहन मंत्री चंदन सिंह शामिल थे।

### पाकिस्तान आम चुनाव पर नजर रखेंगे अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक

पाकिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी ने कहा कि देश में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव पर अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक और पत्रकार निगरानी रखेंगे और इन्हें कवर करेंगे। वहीं सरकार 170 से अधिक अनुरोधों पर विचार कर रही है जिनमें 24 भारत से हैं। विदेशी पत्रकारों,अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जारी मान्यता पत्र केवल कराची,लाहौर व इस्लामाबाद तक के लिए सीमित हैं।

# शिकायत के बावजुद आखिर किस का संरक्षण प्राप्त है मोटल संचालक को ?

# शासकीय जमीन पर कर रहा अवैध निर्माण




## सरपंच,तहसीलदार तो छोडिये...क्या कलेक्टर साहब! भी लीज व्यवसायी के आगे बेवश ?

## किस के शासन काल मे बना मोटल,किसने किया उद्घाटन,कौन रहे अतिथि अंकित सूचना पटल को मिटाकर लिखा निजी नाम

## पूर्व सरकार ने लीज पर दिया मोटल को या बेच दिया है... जो अपने मनमाने तरीके से व्यवसायी कर रहा कब्जा ?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/ पटना,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

पर्यटन विभाग द्वारा बनाये गये मोटल जो कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर विकासखण्ड ग्राम पंचायत चिरगुड़ा के एनएच 43 पर स्थित है। जो पिछले कुछ सालों से जीर्णषीर्ण स्थिति निर्मित हो गयी थी। पूर्व प्रदेश की सरकार ने इसे न जाने लीज पर दिया या फिर निजी व्यक्ति के हाथ विक्रय कर दिया है? जिसकी सूचना सार्वजनिक नहीं परंतु जानकारी के मुताबिक किसी शासकीय सम्पत्ति को शर्तो के अनुसार लीज में देने का प्रावधान जरूर है। लीज में प्राप्त मोटल का निजी व्यक्ति के हाथ लगने से वह वहां से व्यवसाय जरूर कर रहा है पर निजी सम्पत्ति की तरह मोटल परिसर में निजी निर्माण भी हो रहा है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के सरपंच के साथ ग्रामीणों ने तहसीलदार वह कलेक्टर साहब से लगभग तीन माह पहले की थी। जिस पर न तो आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने यहां आकर पूरे मामले का निरीक्षण किया और न ही कोई कार्यवाही हो सकी क्या कलेक्टर साहब को भी मोटल संचालक ने अपने पैसे के मायाजाल में फंसा रखा है? नहीं तो क्या कारण है कि षिकायत के बावजुद निर्माण की गति नहीं रूक रही है और मोटल संचालक ढंके की चोट पर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के कगार पर है।




### मोटल बना रिर्सोट,मंहगी इतनी की आम आदमी पहुंच से दूर...

हांलाकि मोटल मूल रूप से होटल है जो यात्रा के दौरान सुविधा के तौर पर यात्रियों के लिये बनाया जाता है, मोटल में सुविधाजनक पार्किंग स्थान उपलब्ध होता है। मोटल वाणिज्यिक और व्यवसायिक यात्रियों के साथ सम्मेलन, बैठक मे भाग लेने वाले व्ययक्तिों के साथ छुट्टियां बिताने के लिये पर्यटकों की सेवा करता है। जिसकी सुविधा के लिये पर्यटन विभाग ने करोड़ो खर्च कर बनाया था ताकि इसका लाभ पर्यटकों को मिल सके पर यह निजी हाथों में जाते है इसके जगह की संरचना और मोटल के उद्देश्य को हटाकर रिसॉर्ट का नाम दे दिया गया आम तौर पर रिसॉर्ट बड़े-बड़े जगहों पर होते है जो महंगे के साथ आमतौर पर पर्यटन स्थानों पर बनाये जाते है। जहां पर्यटक घूमने,मौज मस्ती करने आते है। एनएच 43 में बने इस मोटल का उद्देष्य से विपरीत इसे हॉटल, रिर्सोट और अब निजी निर्माण कर ढाबा की तैयारी में लीजधारक लगा हुआ है।

### मोटल शासन का पर सूचना पटल में लिखा जा रहा अपना निजी नाम कैसे ?

मोटल संचालक द्वारा भले ही शर्तो के आधार पर मोटल से लीज प्राप्त किया हो पर क्या यह सही है कि मोटल किस विभाग ने बनाया, किस सरकार के नेतृत्व में बना तथा इसके उद्धाटन में कौन अधिकारी, जनप्रतिनिधि शामिल थे लिखा हुआ नाम मिटाकर अपने प्रतिष्ठान का निजी नाम लिख सके। मोटल संचालक द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण और शासकीय मोटल का अपने मन मुताबिक किय जा रहे परिवर्तन से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। आखिर मोटल में नाम का परिवर्तन करने का अधिकार किसने दे दिया लीज व्यवसाय को?

### क्षेत्र में एकमात्र ऐसा स्थान जहां अपने विवाह के लिय जगह मिलता था वाजिब दाम में

दादागिरी के साथ हो रहे अतिक्रमण से लोगों कहना है कि मोटल निजी हाथों मे जाने से जरूर सुव्यस्थित हो गया पर इस तरह मनमानी तरीके निर्माण करेंगे तो विवाह के लिये जगह छोटा पड़ जायेगा। भींड की स्थिति में वाहन पार्किंग के लिये भी समस्या होगी, एनएच 43 में होने वजह से इस मोटल की सामने में बची जगह इसे सुंदर छवि प्रदान करती है पर मोटल के सामने निर्माण हो रहे कमरा यदि बनेगा तो मोटल की सुंदरता खराब हो जायेगी।

### अधिकारी नहीं सुनेंगे तो आखिर सुनेगा कौन

प्रशासनिक अधिकारी आम जनता के लिये नियुक्त होता है। आमजनों की समस्याओं, शिकायत के निदान कर न्याय दिलाने का काम करते है पर पूर्व सरकार मे ज्यादातर अधिकारी अपने मनमानी करके खूब मनमानी किये अब प्रदेष में नयी सरकार की व्यवस्था लागू हुयी है इसके बावजुद दिये गये शिकायतों पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। आम लोगों की शिकायती आवेदन सिर्फ कार्यालयों तक आवक-जावक तक जाती है पर उस पर संज्ञान लेने के लिये जिम्मेदार अधिकारी कब अपनी भूमिका निभायेंगे? लोग परेशान होते है जिस पर न्याय की आस में वह जिम्मेदार अधिकारी को अपनी आपबीति सुनाते है और तरीका भी यही होता है पर अधिकारी सुनेंगे नहीं तो आखिर सुनेगा कौन?

# 500 वर्षों के प्रतीक्षा के बाद अयोध्या आये है श्री राम:श्याम बिहारी जायसवाल

### विधिवत प्राण प्रतिष्ठ के शुभ अवसर पर विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित,जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह के गृह ग्राम मंगौरा में लोग हुए राममय

-संवाददाता-
खड़गवां,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

500 वर्षों के प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित। जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह के गृह ग्राम मंगौरा में लोग हुए राममय। अयोध्या में वर्षों प्रतीक्षा के बाद भगवान राम लला का प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित किया गया। बाबरी मस्जिद और राम मंदिर की वर्षो कानूनी लड़ाई के बाद राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुरक्षित होने के बाद भगवान राम जी के भव्य मंदिर के निर्माण की लोगों को उत्सुकता जो थी आज प्राप्त हुई। और विधिवत पूजा पाठ अर्चना के बाद श्री राम भगवान अपने जन्म स्थली मंदिर में विराजमान हो गए।

इस शुभ अवसर पर पूरे देश राममय हो गया, लोग अपने अपने हिसाब से देश के



विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित कर प्राण प्रतिष्ठा के भागीदार बने रहे है। इसी उपल्क्ष में रेणुका सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष जिला कोरिया,एमसीबी के द्वारा भी अपने क्षेत्र के कई मंदिरों में पूजा पाठ कर के अपनी सहभागिता दी। छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के साथ आज चनवारीडांड में मां महामाया मंदिर में दर्शन, ग्राम पंचायत सलका के जोगी पोखरी में और ग्राम जरौंधा में दर्शन किए। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष के गृह ग्राम पंचायत मंगौरा में नवमी ई. की प्राचीन मंदिर कोटेश्वर मंदिर में भी अपने पति जगदीश प्रसाद सिंह के साथ विधिवत पूजा पाठ कर के अपने क्षेत्र की जनता के लिए स्वस्थ लाभ और समृद्ध की कामना की। इस पवित्र जगह में आज राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपल्क्ष में यहां मेला जैसा माहौल था लोग रामायण कीर्तन करते दिखे और जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, ग्राम पंचायत मंगौरा के सरपंच और पूर्व जनपद पंचायत सदस्य दलबीर सिंह के द्वारा प्रसाद,भंडारा का भी आयोजन किया गया था।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधायक रेणुका सिंह की बालिका सशक्तिकरण को लेकर अनोखी पहल

### जनजातीय वर्ग की प्रदेश टॉपर को बनाया एक दिन का विधायक

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।




पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक अनोखी पहल की है। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की टॉपर छात्रा को एक दिन का विधायक बनाया है। अंजली बैगा ने जनजातीय वर्ग में प्रदेश में 12 कक्षा में सांइस विषय मे पहला स्थान प्राप्त किया था। जिससे खुश होकर इसे बालिका सशक्ति करण से जोड़ते हुए विधायक रेणुका सिंह ने उसे एक दिन की विधायक बनाया। इस दौरान एक दिन की विधायक अंजली बैगा ने विधायक की तरह पूरी विधानसभा क्षेत्र में काम किया, जिस तरह रेणुका सिंह अपने क्षेत्र में जनता से मिलती हैं, कार्यक्रमों में अतिथि बनती हैं वो सब अंजली ने किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की परेशानी भी सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विधायक रेणुका सिंह ने जनजातीय वर्ग की टॉपर अंजली को एक दिन विधायक बनाया। अंजली ने 12वीं में विज्ञान विषय से 77 फीसद अंक प्राप्त किया था। अंजली बैगा भरतपुर सोनहत विधानसभा की विधायक बनकर गाड़ी में सवार होकर अपने क्षेत्र में पहुंची, जनता की समस्याएं सुनी, इसके साथ ही अधिकारियों को भी काम के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एक दिन की विधायक अंजली बैगा के साथ पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने सेल्फी भी ली। इस मौके पर विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ प्रैक्टिकल लाइफ में इन सब चीजों के अनुभव भी जरूरी हैं।

### एक दिन विधायक बनकर किए ये काम

एक दिन की विधायक बनी अंजली बैगा को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भगवानपुर के डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उसे मुख्य अतिथि बनाया गया। वही शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्य्रकम में भी अंजली बैगा को मुख्य अतिथि बनाया गया। अंजली बैगा इस अवसर पर ने कहा कि उन्हें एक दिन की विधायक बनकर बहुत अच्छा लगा।उन्होंने कहा कि विधायक रेणुका सिंह की इस अनोखी पहल से बालिकाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मैंने इस पद की गरिमा को समझा और विधायकों की मेहनत को भी जाना। अंजली बैगा ने कहा कि विधायक रेणुका सिंह ने मुझे जो मौका दिया उससे मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां पर कई लोगों से बात की उनकी परेशानियों को सुना और अधिकारियों से भी बात की।

### बच्ची बहुत तरक्की करेगी:रेणुका

विधायक रेणुका सिंह ने कहा, ये बड़े गर्व की बात है कि वनांचल क्षेत्र भरतपुर विकासखंड के मोहनटोला जनजातीय वर्ग से आने वाली बेटी ने जनजाति वर्ग में पुरे प्रदेश में टॉप किया है। मुझे पूरा विश्वास है आने वाले समय में ये बच्ची बहुत तरक्की करेगी। इससे उसे और भी ज्यादा सीखने को मिला, क्योंकि जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ प्रैक्टिल अनुभव भी होना जरूरी है।



# यातायात नियमों का करें पालन: पुलिस अधीक्षक सूरजपुर

### एसपी ने लोगों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

-संवाददाता-
सूरजपुर 24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सूरजपुर पुलिस की ओर से बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंद लोगों को हेलमेट का वितरण कर यातायात नियमों की जानकारी दी। ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनकर बाईक चलाने और कार में सीट बेल्ट लगाने वालों को पुलिस अधिकारियों के द्वारा गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला ने बुधवार को एनएच 43 माताकर्मा चौक पर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बाईक चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया और जरूरतमंद लोगों को हेलमेट प्रदाय किया और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। इस अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने हेलमेट पहनकर दुपहिया चलाने वाले और कार में सीट बेल्ट लगाने वाले को मौके पर ही गुलाब का फूल देकर कर सम्मानित किया है। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी राजाराम राठिया, एसआई संतोष सिंह सहित यातायात के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एमसीबी जिला कांग्रेस कमेटी ने सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाया

-संवाददाता-
चिरमिरी,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

एमसीबी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने चिरमिरी के डोमनहिल में कार्यकर्ताओं के साथ महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया। अशोक श्रीवास्तव ने सुभाषचंद्र बोस भवन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक थे। उनके राष्ट्र के प्रति त्याग एवं बलिदान की भावना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और दशा प्रदान की। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, देश को आजाद देखने की प्रबल भावना और उनके अदम्य साहस भरे कदमों ने तत्कालीन समय में देश में विशेष कर युवाओं में एक नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया था। वे दूरदृष्टि रखते थे और देश को स्वतंत्र कराने की रणनीति तैयार की।नेता जी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में भी देश की आजादी के आंदोलन को गति प्रदान की, नेताजी ने आजाद हिन्द फौज की कमान संभालने के बाद देश के युवाओं को फौज में मौका देकर आजादी की लड़ाई आर पार करने के कदम से उन्होंने अंग्रेजों को कड़ा संदेश दिया था कि भारत में अंग्रेजी शासन ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा''। अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का ओजस्वी व्यक्तित्व, अभूतपूर्व संगठन क्षमता, साहस, निष्ठा एवं नेतृत्व के अद्भुत गुण हमेशा याद किए जाएंगे। उनके विचार एवं आदर्श हमारे लिए धरोहर की तरह हैं। आजादी की लड़ाई में हम उनके योगदान को कभी नहीं भूला सकते हैं। इस अवसर पर बलदेव दास,शाहिद महमूद,राजेश्वर श्रीवास्तव,राकेश श्रीवास्तव, मुकेश बिनकर,प्रेम शंकर सोनी, विजय नेमार,शंभू ओझा,परवेज अहमद,दिनेश यादव, संजय सिंह,इसरानंद ठाकुर, मोहसिन खान, गोपाल द्विवेदी, संदीप दास, उदय सिंह, सानू जोंसी ने भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

CMYK

# गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए किया गया पूर्वाभ्यास

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

गरिमामय गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए आज कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी आई.कल्याण ऐलीसेला की मौजूदगी में अंतिम पूर्वाभ्यास शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में किया गया। संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा ने पूर्वाभ्यास के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। मंच पर मुख्य अतिथि के आगमन व ध्वजारोहण का अभ्यास के साथ ही कलेक्टर और एसएसपी के साथ परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल सहित पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





### जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह में विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ध्वजारोहण करेगी

जिले में 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक रेणुका सिंह (भरतपुर-सोनहत) ध्वजारोहण करेंगी और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी। जिला स्तरीय मुख्य समारोह प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा।

# फर्जी तरीके से ट्रेलर का नंबर बदलकर सामान परिवहन करते दो आरोपी को बालको पुलिस एवं साइबर टीम ने पकड़ा

-संवाददाता-
कोरबा,24 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा पुलिस ने नंबर बदलकर फर्जी तरीके से टेलर का परिवहन करते आरोपियों को पकड़ा है। इसमें साइबर सेल कोरबा एवं बालको थाना द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई द्व आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 32/2024 धारा-420,34 जोड़ने धारा 467, 468, 469, 471,120 (बी) भादवि के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी धीरेन्द्र सिंह परिहार दिनांक 23.01.2024 को थाना उपस्थित आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि वह माँ पार्वती ट्रांसपोर्ट कंपनी में कोयला ट्रांसपोटिंग का संचालन कार्य करता है। कंपनी की सम्पूर्ण गाड़ियों की देखरेख मेरे द्वारा की जाती है। मैं आज दिनांक 23 जनवरी 2024 को अपने निजी कार्य से बालकोनगर गया था कि वहां से वापस आते समय मेरी नजर एक ट्रेलर खुला बाडी वाले पर पड़ी जिसमें हमारे कंपनी के ओमेन्द्र सिंह तोमर की स्वामित्व की



ट्रेलर कमांक सीजी 12 ए.आर. 9517 डॉला बॉडी का जिसमें हम लोग कोयला परिवहन का काम करते हैं जो वर्तमान में सिंघाली प्रोजेक्ट एसईसीएल कोरबा से कोयला परिवहन कर रही है उक्त ट्रेलर खराब होने से मरम्मत कार्य हेतु हमारे कंपनी के यार्ड कुसमुण्डा में खड़ी है, का नंबर लिखा हुआ था जो खड़ी थी। उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा जितेंद्र शुक्ला के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री (साइबर सेल कोरबा प्रभारी) रॉबिंसन गुड़िया के पर्यवेक्षण में तत्काल त्वरित कार्यवाही करने हेतु साइबर सेल कोरबा की टीम एवं थाना बालको को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ था। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में साइबर सेल कोरबा की टीम एवं थाना बालको की टीम के द्वारा सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर जाकर उक्त ट्रेलर में लगे नंबर प्लेट को देखा गया तो पाया कि उक्त ट्रेलर का नम्बर सीजी 11 ए.एम. 7290 लिखा था जिसके उपर ट्रेलर कमांक कमांक सीजी 12 ए.आर. 9517 डॉला बॉडी का नंबर प्लेट लगा दिया गया था। उसे चेक करने पर उसमें लोहा लोड था। पुलिस टीम के द्वारा पता तलाश करने पर इसी बीच पता चला कि उक्त वाहन रंजीत यादव एवं आसिफ के द्वारा चलवाई जा रही है। दोनों से इस संबंध में पूछताछ किया गया। आरोपीगणों के मेमोरेण्डम कथन तथा कथन के आधार पर जप्त दस्तावेज/सम्पत्ति से आरोपी के विरुध्द धारा 420,34 भादवि के अलावा धारा 467, 468, 469, 471, 120 (बी) भादवि का अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपी 1.रंजीत कुमार यादव पिता शिवजी यादव उम्र 21 वर्ष साकिन बह्मी टोला हथवा थाना हुसैन गंज जिला सिवान (बिहार) हाल मुकाम मिश्रा खटाल के पास डुग्गुपारा थाना बालकोनगर जिला कोरबा (छ.ग.) 2.आसिफ खान पिता स्व0 सलाउद्दीन खान उम्र 34 वर्ष निवासी रिस्दी चौक के पास (पेट्रोल पम्प के पीछे) थाना सिविल लाईन कोरबा (छ.ग.) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा

-संवाददाता-
कोरबा,24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

आज नगर पंचायत प्रतापपुर के संस्कृति भवन में सम्पन्न हुआ एवं केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की आमजन को जानकारी दी जा रही है, साथ ही हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को नगर पंचायत प्रतापपुर मे विकसित भारत शंकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जहां इस कार्यक्रम में नगर वासी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही केंद्र सरकार की जन हितकारी योजनाओं के बारे में जानने के साथ-साथ लाभ भी उठाया जिन वादों के दम पर भाजपा ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनाए हैं उन वादों को अमल करने के लिए सरकार ने काम शुरू कर दिया है वही विकसित भारत शंकल्प यात्रा मे मुख्यअतिथि के रूप मे पहोची प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की लाडली विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने अपने उद्बोधन मे जीत एवं सरकार बनाने पर सभी आम जनो को बधाई प्रकट किया उन्होंने कहा की प्रतापपुर से मेरा बहोत गहरा लगाव है आप सभी के आशीर्वाद से ही आज मै यहां खड़ी हूँ उन्होंने कहा की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश का काफी विकाश किया है कल जो अयोध्या मे राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुवा है हमारे लिए काफी गर्व की बात है जब से हमारे प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी जी बने है तब से देश मे विकाश काफी तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा की प्रतापपुर मेरा पसंदीदा शहर है मैं प्रतापपुर को सुंदर बनाने के लिए जो भी करना पड़े मैं करुँगी। मै प्रतापपुर के



जनता के विकाश लिए जितना हो सके मैं काम करुँगी और मैं हमेशा भगवान से प्रतापपुर विधानसभा के जनता की सेवा लिए ही मांगा करती हूँ। वही उन्होंने प्रतापपुर के शिव चर्चा मंडली के लिए 2 लाख रु देने की भी घोषणा की इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं का स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम मे नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रजनी मुकेश अग्रवाल, अक्षय तिवारी, पुष्पा जायसवाल, सुनील गुप्ता, अवधेश पाण्डेय,विनोद जायसवाल ,मुकेश तायल,राजेश कश्यप ,आभा शुक्ला, राधा सिंह, सहादत हुसैन, नवीन सोनू जायसवाल,राजेंद्र जायसवाल,प्रदीप गोयल,नवीन नाविक, प्रशांत सिंह, विक्रम नामदेव, विजेंद्र कश्यप, गुलाब मोहन तिवारी ,आनंद शुक्ला,हरी गुप्ता प्रफुल गुप्ता,विक्रम सिंह, सहित काफी संख्या मे जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मानव-हाथी द्वन्द रोकने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

-संवाददाता-
कोरबा,24 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मानव-हाथी द्वन्द्व रोकने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथी-मानव द्वंद को कम करने तथा जंगली हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो, इस संबंध में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, विद्युत, खाद्य, उद्यानिकी, आबकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने हाथियों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर रखने में लगी टीम को सतर्क रहने एवं मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी विचरण क्षेत्रों में वन्य प्राणियों को नुकसान पहुँचाने वाले विद्युत तारों को दुरुस्त कराते हुए निर्धारित ऊँचाई तक बढ़ाने की बात कही। इस हेतु विद्युत विभाग को वन विभाग के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुसार इन क्षेत्रों में कम ऊंचाई वाले विद्युत तारों की आवश्यकतानुसार ऊपर बढ़ाने एवं अवैध हुकिंग पर भी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित धान उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी, उठाव एवं परिवहन शीघ्रता से कराने के लिए कहा। साथ ही इन क्षेत्रों में क्रेडा के माध्यम से सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने हेतु डीएफओ कटघोरा को ऐसे स्थानों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी विचरण क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु उद्यानिकी विभाग को कार्ययोजना तैयार कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किसी एक गांव में कार्य प्रारंभ करने की बात कही। बैठक में हाथियों द्वारा किए जाने वाले फसलों एवं जनहानि की घटनाओं पर यथाशीघ्र मुआवजे का वितरण कराने हेतु वन विभाग को निर्देशित किया गया।

---

मानव-हांथी द्वन्द रोकने की दिशा में विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में जंगली हाथियों के आगमन की सूचना ग्रामीणों को विभाग द्वारा प्राथमिकता से दी जाती है एवं ग्रामीणों को अनावश्यक जंगलों में नहीं जाने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है।

**कुमार निशांत,**
**वनमण्डलाधिकारी**

# दो डीजे संचालकों पर मध्य रात्रि की गई कार्रवाई

## जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में पारित आदेश के पालन में जिला प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने मध्य रात्रि पर तेज आवाज में बजने वाले दो डीजे की जब्ती की। ये दोनों डीजे नवापारा कॉलेज रोड में रात्रि मे 10 बजे से 01 बजे के बीच बहुत ही तीव्र आवाज के साथ बज रहे थे। जिसमें एक डीजे जन्मदिन के लिए और दूसरा अन्नप्राशन के लिये मंगवाया गया था। इससे पड़ोसियों और बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और आसपास के बीमार व्यक्तियों के लिए बाधा उत्पन्न हो रही थी। जिसकी सूचना मिलते ही ''हमराह स्टॉप'' और पेट्रोलिंग दल द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर आयोजनकर्ताओं से अनुमति पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। जब आयोजनकर्ता अनुमति पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ पाये गए तो कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन के तहत गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर एम्पलीफायर, बॉक्स और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जब्ती कर न्यायालय



सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। दसवीं,बारहवीं बोर्ड परीक्षा एवं कॉलेज की परीक्षाओं को देखते हुए आगे यह कार्रवाई जारी रहेगी।

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश के परिपालन हेतु समय-समय पर उच्च स्तर से जिले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण को नग्णय करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई है। इसके साथ ही सरगुजा संभाग के संभागायुक्त गोविन्दराम चुरेन्द्र द्वारा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलाहल अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

आगे भी ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। ध्वनि प्रदूषण को कैसे नियंत्रित करना है इस बारे में आरटीओ, नगर पालिका परिषद, ट्रैफिक पुलिस व अन्य संबंधित सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर ध्वनि प्रदूषण के कारकों को अप्रभावित किया जायेगा ।

ध्वनि प्रदूषण को नग्णय करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आमजन को ध्वनि प्रदूषण से होने वाले नुकसान और इससे संबंधित नियमों से जागरूक किया जाएगा और साथ ही नियमों का शक्ति से पालन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाएगा। लाउड स्पीकर, डीजे, वाहनों में प्रेशर हॉर्न इत्यादि जिनमें शासन द्वारा ध्वनि के लिए तय मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है, वहां प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।ध्वनि प्रदूषण मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को प्रभावित करता है इसलिए प्रत्येक नागरिक इसके दुष्प्रभाव को समझते हुए, इससे दूरी बनाएं। स्वयं को जागरूक करें तथा अपने आसपास लोगों में भी ध्वनि प्रदूषण के उपाय को लेकर जागरूकता का प्रचार प्रसार करें। जन भागीदारी व जन जागरूकता से निसंदेह ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव को कम किया जा सकता है। उक्त कार्यवाही के समय सूरजपुर एसडीएम लक्ष्मण तिवारी, सूरजपुर कोतवाली थाना प्रभारी विमलेश दुबे और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**हम मनुष्यों को प्रभु श्री राम के आदर्शो पर चल देश में भाई चारे के साथ जाति गत द्वेष ख़त्म करने हो पहलः डॉ. विनय जायसवाल**

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाइक रैली,प्रभात फेरी से राममय हुआ शहर चिरमिरी

-संवाददाता-
चिरमिरी,24 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुरे चिरमिरी शहर में हर घर हर द्वार में मानो दीवाली जैसा पर्व हो का माहोल देखने को मिला । कही वार्ड वासी रैली निकाल कर राम जी के जय कारे लगाते दिखे तो कही वार्ड वासियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर प्रभु श्री राम के आगमन की खुशियां मनाई. चिरमिरी शहर के बड़ा बाजार सेवा समिति के तत्वाधान में अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर को लेकर के वादक एवं चार पहिया वाहनों के द्वारा विशाल राम रैली आयोजन हनुमान मंदिर प्रागण से किया गया जहां सुबह से ही रामभकों का हुजुम देखने को मिला । इस दौरान हर कोई अपने हाथ में राम जी के चेहरे के छाया चित्र का झंडा श्रीराम लेकर जय श्री राम के नारे लगाते दिख रहा थे । शहर का हर नागरिक एक दूसरे को मुँह मीठा कर माथे पर तिलक लगा रहा था । वर्षो पुरानी जिज्ञासा के पूर्ण होने की अपार खुशी हर व्यक्ति एक दूसरे से बाटते हुए दिख रहे थे। इस विशाल आयोजन को रैली का



रूप देते हुए पुरे शहर में घुमाया गया रैली की शुरवात बड़ा बाजार के हनुमान मंदिर प्रागण से होते हुए हल्दीबाड़ी के मुख्य मार्ग से शनिचरी बाजार, भैसा दफाई,टीना दफाई,सड़क दफाई से शहर के डोमनहिल,गोदरिपारा होते हुए पुनः बड़ा बाजार दुर्गा पंडाल के समीप समाप्त हुई. बाईक रैली में हर युवा राम के जयकारों के साथ भगवा ध्वज लेकर जय कारा लगाते दिख रहे थे। इस राम मय माहौल में मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल में अपने शब्दों में इस इस आयोजन को ऐतिहासिक दिवस और कार्य बताया उन्होंने ने उपस्थित जन मानस को संबोधित करते हुए कहा की प्रभु श्री राम का नाम मर्यादा पुरषोत्तम भी कहते है जिन्होंने ने अपने जीवन काल में 14 वर्षो का वनवास काटा पर कभी एक भाई को दूसरे भाई से द्वेष रखे की भावनाओं को बढ़ावा नहीं दिया वह हमेशा सच्चाई का मार्ग थामे रहे और बुराइयों से हम लोगो को बचने का रास्ता दिखाया, इस 21 वीं सदी हम लोगों की उम्र महज 100 वर्ष 80 वर्ष या उससे कम है पर हम लोग उनके आदर्शो पर एक कदम नहीं चलते हम सभी एक दूसरे बुराइयों को देखते है। कभी सही रास्ते को अपने अंदर लाने का प्रयास नहीं किया जिस कारण आज हमारे समाज में बुराइयों ने अपने सबसे ज्यादा स्थान बना लिया है। आज दिवस से हम सभी को इस बात की शपत लेनी चाहिए की हम भगवान श्री राम के आदर्शो को अपने अंदर लाएंगे और उन मार्गो पर पुरे समाज को जागरूक भी करेंगे तभी हम सभी पूर्व रूप से सफल हो सकेंगे।

# कोरबा पुलिस के द्वारा कल रोड सेफ्टी बाइक रैली का किया गया आयोजन




-संवाददाता-
कोरबा 24 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा पुलिस के द्वारा 26 जनवरी 2024 को सायं 3:00 बजे आयोजित होने वाले 'रोड सेफ्टी बाइक रैली' में कोरबा के लोगों को जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया है । यह रैली सीएसईबी ग्राउंड से शुरू होगी और टी . पी. नगर, पुराने बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक, आईटीआई चौक से होकर और फिर घंटाघर के ओपन एयर थिएटर में समाप्त होगी। इस महत्वपूर्ण क्षण में हमें आपके साथ देखने का सतर्कता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। यह रैली सुरक्षित सड़कों के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने का एक प्रभावशाली माध्यम है जो हमारी सड़कों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए एक मिशन का हिस्सा बना है। हम आप सभी से यहाँ जुड़ने की आवश्यकता महसूस करते हैं ताकि हम एक मिलनसर रैली का आयोजन कर सकें जिसमें सभी को सुरक्षा के महत्वपूर्ण सिद्धांतों के बारे में शिक्षा मिले।

### एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक कदम और बढ़ाना

इस रैली का उद्देश्य न केवल रोड सुरक्षा के महत्व को बढ़ाना है, बल्कि हमें एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक कदम और बढ़ाना है। इस मौके पर आपकी भागीदारी से हम एक सुरक्षित और सड़कों में जागरूक समुदाय बना सकते हैं, जिसमें हर व्यक्ति सड़कों पर सवारी करते समय उचित सुरक्षा मानकों का पालन करेगा। सुरक्षा के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हम सभी को यह समझाना चाहते हैं कि हमारी शक्ति हमारे हाथों में है, और हमें इसे सुधारने का एक सामूहिक प्रयास करना है। रैली में भाग लेकर आप सब एक बड़े सामाजिक परिवर्तन का हिस्सा बन सकते हैं और आपका साथ हमें और भी सशक्त करेगा।

# भारत-इंग्लैंड होंगे आज आमने-सामने




» विराट की जगह पाटीदार टीम में
» पिछले महीने वनडे डेब्यू किया था
» कोहली निजी कारणों की वजह से 2 टेस्ट से बाहर

**हैदराबाद,24 जनवरी 2024।** मध्यप्रदेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज रजत पाटीदार गुरुवार से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट खेल सकते हैं। उन्हें टीम में विराट कोहली की जगह शामिल किया जाएगा। कोहली निजी कारणों की वजह से पहले दो टेस्ट नहीं खेलेंगे।

सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि रजत को टेस्ट मैच खेलने के लिए बुधवार को हैदराबाद बुलाया गया है। पहला टेस्ट यहीं 25 जनवरी से शुरू हो रहा है। अगर मौका मिलता है तो 30 साल के इस बल्लेबाज का यह पहला इंटरनेशनल टेस्ट होगा।

रजत 12 जनवरी से इंडिया-ए से इंग्लैंड-ए के खिलाफ टेस्ट सीरिज का हिस्सा थे। आज उन्हें इंग्लैंड, के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में खेलना था, लेकिन अब वह टीम का हिस्सा नहीं हैं।

पाटीदार ने 21 दिसंबर 2023 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था, जहां उन्होंने ओपनिंग की और 16 गेंदों में 137.50 की स्ट्राइक रेट के साथ 22 रन बनाए।

### बीसीसीआई ने कोहली को दी छुट्टी

बीसीसीआई ने सोमवार, 22 जनवरी को बताया कि विराट कोहली ने कप्तान रोहित शर्मा, सिलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट से बात की और कहा- उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहे, लेकिन कुछ व्यक्तिगत परिस्थितियां उनकी उपस्थिति और पूरे ध्यान की मांग करती हैं।बोर्ड ने कहा कि सिलेक्शन कमेटी जल्द ही टीम में उनके रिप्लेसमेंट प्लेयर के नाम का ऐलान करेगी।

### फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पाटीदार ने 12 शतक लगाए

रजत पाटीदार मध्यप्रदेश की ओर से रणजी खेलते हैं। वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 55 मैच में 4000 रन पूरे कर चुके हैं। इसमें 12 शतक शामिल हैं।

### इंडिया ए के लिए पाटीदार ने 151 रन की पारी खेली

पिछले हफ्ते, पाटीदार ने भारत ए के लिए इंग्लैंड ए के खिलाफ पहले टेस्ट में 151 रन की पारी खेली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाटीदार ने 158 बॉल में 151 रन बनाए। इसमें 19 चौके और 5 सिक्स शामिल थे।

### पहला मैच हैदराबाद में होगा

भारत और इंग्लैंड को 25 जनवरी से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 7 मार्च तक चलेगी। पहला मैचों हैदराबाद स्टेडियम में खेला जाएगा।

### डब्ल्यूटीसी के लिहाज से अहम है यह सीरीज

यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। अभी भारतीय टीम चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 7वें नंबर पर है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सूर्यकुमार यादव को आईसीसी ने चुना टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर




**नईदिल्ली,24 जनवरी 2024।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सूर्यकुमार यादव को 2023 के लिए टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना है।उन्होंने बीते साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जोरदार प्रदर्शन किया था।उन्होंने न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, युगांडा के अल्पेश रमजानी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।साल 2023 में सूर्यकुमार टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन (पूर्ण सदस्य देशों में) बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे।

बीते साल सूर्यकुमार ने 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में इस साल सूर्यकुमार ने 48.86 की औसत और 156 की बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ 733 रन बनाए।इस बीच उनके बल्ले से 2 शतक और 5 अर्धशतक निकले।भारतीय बल्लेबाजों में सूर्यकुमार के बाद यशस्वी जायसवाल (430) रहे। पिछले साल यूएई के मोहम्मद वसीम (806) और युगांडा के रोजर मुकासा (738) ने ही उनसे ज्यादा टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए।

चैपमैन ने 2023 में 17 पारियों में 50.54 की औसत और 145.54 की स्ट्राइक रेट से 556 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 4 अर्धशतक लगाए थे।बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी करने वाले रमजानी ने पिछले साल 30 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8.98 की औसत और 4.77 की इकॉनमी रेट से 55 विकेट लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने 28.06 की औसत और 132.44 की स्ट्राइक रेट के साथ 449 रन बनाए।

### क्वॉलीफायर यास्त्रेम्स्का ने नोस्कोवा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मेलबर्न,24 जनवरी 2024।** डायना यास्त्रेम्स्का का स्वप्निल सफर जारी है और यूक्रेनी खिलाड़ी बुधवार को चेक किशोरी लिंडा नोस्कोवा को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमी फाइनल में पहुंचने वाली 45 साल में पहली क्वालीफायर बन गई। 23 वर्षीय यूक्रेनी ने पिछले तीन हफ्तों में मेलबर्न में अपनी आठवीं जीत दर्ज की। बुधवार को रॉड लेवर एरिना में गैर-वरीयता प्राप्त यूक्रेनी खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में 19 वर्षीय नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अंतिम चार दौर में पहुंच गई।दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी ने शुरू से ही प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने जीत के दौरान अपना दृढ़ फोकस और आक्रामकता बनाए रखी। 1978 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्रिस्टीन डोरे के बाद मेलबर्न पार्क में अंतिम चार में पहुंचने वाली दूसरी क्वालीफायर बनीं। एक घंटे, 18 मिनट की जीत ने मेलबर्न पार्क में यस्त्रेम्स्का की लगातार आठवीं जीत को



चिह्नित किया। एलिना स्वितोलिना और आंद्रेई मेदवेदेव के बाद वह किसी बड़े सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी यूक्रेनी खिलाड़ी बन गई।वह अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाने के लिए 12वीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन या गैरवरीयता प्राप्त अन्ना कलिंस्काया से भिड़ेंगी।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

### मिचेल मार्श को बनाया गया कप्तान

**नईदिल्ली,24 जनवरी 2024।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है।इस सीरीज से पैट कमिंस सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।ऑलराउंडर मिचेल मार्श 3 मैचों की इस टी-20 सीरीज में कप्तानी करेंगे। वह पहले भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम की कमान संभाल चुके हैं।

मार्श की कप्तानी में पिछले साल अगस्त-सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को उसी के घर पर 3-0 से हराया था। उस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी नहीं खेले थे।कंगारू टीम ने पहले टी-20 को 111 रन से जीता था। इसके बाद दूसरे और तीसरे टी-20 में मेहमान टीम ने 8 विकेट और 5 विकेट से जीत दर्ज की थी।उस सीरीज में बतौर कप्तान मार्श के स्कोर क्रमशः 92*, 79* और 15 रन रहे थे।

ग्लेन मैक्सवेल और तेज गेंदबाज नाथन एलिस की भी वनडे सीरीज से आराम के बाद टीम में वापसी हुई है।ऑस्ट्रेलियाई टीम होबार्ट में उद्घाटन मैच से 2 दिन पहले 7 फरवरी को एकत्रित होगी।मैट शॉर्ट अनुभवी डेविड वार्नर के साथ सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं।ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम- मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेसन बेहरेनडोर्फ, टिम डेविड, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा।




कमिंस के अलावा तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को इस टी-20 सीरीज से आराम दिया गया है।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने यह कहते हुए आराम दिया है कि इन तीनों को फरवरी के अंत में न्यूजीलैंड में टी-20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया जाएगा।वनडे से आराम के बाद हेजलवुड को टी-20 टीम में शामिल किया गया है। वह तेज गेंदबाजी की अगुवाई करेंगे। दोनों देशों के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत 9 फरवरी को होबार्ट में होने वाले मुकाबले से हो जाएगी।इसके बाद 11 फरवरी को एडिलेड ओवल में दूसरा टी-20 और 13 फरवरी को पर्थ में तीसरा टी-20 होना है।फिलहाल दोनों टीमें टेस्ट सीरीज में हिस्सा ले रही है,जिसमें पहले मुकाबले को जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने बढ़त बनाई हुई है। 25 जनवरी से दूसरा और आखिरी टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद 2 फरवरी से वनडे सीरीज खेली जाएगी।

# रोहन बोपन्ना ने 43 साल की उम्र में वर्ल्ड नंबर 1 बनकर रचा इतिहास

**मेलबर्न,24 जनवरी 2024।** भारतीय अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने साथी मैट एब्डेन के साथ बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इतना ही नहीं उन्होंने 43 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर विश्व नंबर 1 का ताज अपने नाम किया। हालांकि, ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के समापन के बाद सोमवार को एटीपी रैंकिंग अपडेट जारी किया जाएगा।



दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मार्गरेट कोर्ट एरेना में छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मॉल्टेनी को 6-4, 7-6 (7-5) से हराया। क्वार्टरफाइनल जीत ने बोपन्ना को एटीपी रैंकिंग में मौजूदा विश्व नंबर 1, यूएसए के ऑस्टिन क्राईजेक से आगे कर दिया है। क्राईजेक, अपने क्रोएशियाई साथी इवान डोडिग के साथ,दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। बोपन्ना और एबडेन का सेमीफाइनल में मुकाबला टॉमस मचाक और झिझेन झांग की चेक-चीनी जोड़ी से होगा। पिछले साल भारतीय शीर्ष खिलाड़ी ओपन युग में ग्रैंड स्लैम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए थे। जब वह और एबडेन यूएस ओपन फाइनल हार गए थे। यूएस ओपन में अपने प्रदर्शन के अलावा, यह जोड़ी चार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और ट्यूरिन में एटीपी फाइनल में दिखाई दी।बोपन्ना को मास्टर्स इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होने का गौरव भी हासिल है। यह उपलब्धि उन्हें पिछले साल 43 साल की उम्र में हासिल हुई जब वह एबडेन के साथ इंडियन वेल्स में विजयी हुए।

# आईसीसी ने नीदरलैंड के बास डी लीडे को चुना एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**नईदिल्ली,24 जनवरी 2024।** नीदरलैंड क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर बास डी लीडे को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 2023 के लिए एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना है।उन्होंने भारत में खेले गए वनडे विश्व कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके लिए पिछला साल अच्छा बीता था।लीडे अब रेयान टेन डोशेट के बाद ये सम्मान हासिल करने वाले सिर्फ दूसरे डच खिलाड़ी बन गए हैं।आइए उनके प्रदर्शन के बारे में जानते हैं।



लीडे ने वनडे विश्व कप 2023 में 9 मैचों में 30.43 की औसत और 7.26 की इकॉनमी रेट से 16 विकेट चटकाए थे।इस बीच उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले मैच में ही 4 विकेट लेकर प्रभावित किया था।बल्लेबाजी में उन्होंने 1 अर्धशतक की मदद से कुल 139 रन बनाए थे।उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध हैदराबाद में खेले गए मुकाबले में 68 गेंदों पर 67 रन की पारी खेली थी। लीडे ने 2018 में नेपाल क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने वनडे करियर का आगाज किया था।बल्लेबाजी में उन्होंने अब तक 39 वनडे में 24.43 की औसत से 904 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 3 अर्धशतक भी लगाए हैं।गेंदबाजी में उन्होंने 31.42 की औसत के साथ 40 विकेट चटकाए थे। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 52 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा था।

# युवाओं को शामिल करना बेहद महत्वपूर्ण : रोहित

**हैदराबाद,24 जनवरी 2024।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने युवाओं को लंबे प्रारूप में मौका देने के महत्व के बारे में बात की। व्यक्तिगत कारणों से विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे अधिक अनुभवी क्रिकेटरों से पहले रजत पाटीदार को टीम में बुलाया गया है।

रोहित ने मैच से पहले बुधवार को कहा, हमने वास्तव में कोहली की कमी को पूरा करने के लिए एक अनुभवी खिलाड़ी को वापस लेने के बारे में सोचा था। लेकिन फिर युवाओं को मौका कब मिलेगा और हमने यह भी सोचा।' एक अनुभवी खिलाड़ी को छोड़ना या उन पर विचार न करना बहुत कठिन है क्योंकि उन्होंने जितने रन बनाए हैं, उनके पास जिस तरह का अनुभव है और उन्होंने हमारे लिए जितने मैच जीते हैं। यह सब नजरअंदाज करना बहुत मुश्किल है।




लेकिन कभी-कभी आपको कुछ खिलाड़ी सेट-अप में भी मिलते हैं, और आपको उन्हें अनुकूल परिस्थितियां देनी होती हैं, क्योंकि आप उन्हें उजागर नहीं करना चाहते हैं या सीधे विदेशी दौरों पर नहीं लाना चाहते हैं, जहां उन्होंने पहले नहीं खेला है। इन सबके पीछे यही सोच है और जब भी मौका मिले, इनमें से कुछ युवाओं को शामिल करने का प्रयास करना महत्वपूर्ण है।' रजत पाटीदार हाल ही में भारत 'ए' टीम के साथ थे। वर्तमान में अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेल रहे थे और दबाव की स्थिति में पहले चार दिवसीय मैच में 158 गेंदों में 151 रन बनाए।भारत को 25 जनवरी को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले अनुभवी केएस भरत और अनकैप्ड युवा ध्रुव जुरेल के बीच अपने विशेषज्ञ विकेटकीपर के बारे में भी फैसला करना होगा। साथ ही टीम से जुड़े कई अन्य अहम फैसले लेने होंगे। भारत का लक्ष्य इंग्लैंड से सीरीज में 2012 में 2-1 की हार के बाद घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज न हारने के अपने रिकॉर्ड का बचाव करना है। बेन स्टोक्स के नेतृत्व में और ब्रेंडन मैकुलम द्वारा प्रशिक्षित मेहमान टीम ने अभी तक कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं हारी है क्योंकि इन दोनों ने खेल खेलने के अपने आक्रामक दृष्टिकोण के माध्यम से टीम का नेतृत्व संभाला था। आखिरी बार भारत ने आखिरी टेस्ट मैच इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेला था। जहां रोहित एंड कंपनी शीर्ष पर रही थी, जो इस प्रारूप के इतिहास का सबसे छोटा मैच भी था।

# प्यार में डूबे वरुण-नताशा,तीसरी एनिवर्सरी पर शर्टलेस होकर क्लिक कराई रोमांटिक फोटो

वरुण धवन बॉलीवुड के नामी एक्टर हैं। उनकी फिल्में एक्टिंग और कॉमेडी अक्सर लोगों के बीच पसंद की जाती हैं। सोशल मीडिया पर वरुण तगड़ी फैन फॉलोइंग एन्जॉय करते हैं। फैंस उनके साथ-साथ उनकी पत्नी नताशा की फोटोज भी देखना पसंद करते हैं। आज एक्टर की थर्ड वेडिंग एनिवर्सरी है। इस खास मौके पर एक्टर ने फैंस को अनदेखी तस्वीर दिखाई है।



वरुण धवन और नताशा दलाल बॉलीवुड के मोस्ट लव्ड कपल माने जाते हैं। इनकी जोड़ी फैंस के साथ ही सेलिब्रिटीज के बीच भी फेमस है। वरुण और नताशा ने आज ही के दिन लव मैरिज की थी। वेडिंग एनिवर्सरी के तीसरे साल में बदलापुर एक्टर ने अपनी वाइफ को स्पेशल फोटो के साथ विश किया है।

वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर जो फोटो शेयर की उसमें वरुण शर्टलेस है, जबकि नताशा ने मोनोकिनी पहनी है और नीचे व्हाइट कलर की स्कर्ट। इस फोटो को शेयर कर एक्टर ने लिखा हैप्पी 3 बेबी। जब मैंने तुम्हे प्रपोज किया था तो मार्को एंटोनियो का गाना बज रहा था।इस फोटो को फैंस ने काफी पसंद किया है। उन्होंने कपल की रोमांटिक फोटो पर प्यार लुटाते हुए उन्हें एनिवर्सरी की विशेज दी हैं। वरुण धवन ने करीना कपूर के चैट शो वॉट वुमन वॉन्ट में नताशा संग अपने रिलेशन पर खुलासा किया था। वरुण ने बताया था कि नताशा और उनकी पहली मुलाकात छठी क्लास में हुई थी। हालांकि, उस वक्त से दोनों ने डेट करना शुरू नहीं किया था, बस अच्छे दोस्त थे। करीबन 11 वीं और 12 वीं क्लास तक। वरुण ने बताया कि समय के साथ उन्हें इस बात का अहसास हुआ कि वो नताशा से प्यार करने लगे हैं।

वरुण ने कहा बताया था बास्केट बॉल में वो स्कूल में येलो हाउस में थे और नताशा रेड हाउस में। लंच ब्रेक में उन्होंने देखा कि वो सामने से आ रही है। उस वक्त उसे देखकर ये एहसास हुआ कि वह उनसे प्यार करने लगे हैं। वरुण ने ये भी बताया था कि नताशा ने उनके प्रपोजल को 3-4 बार रिजेक्ट किया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी थी।

# सिंगल शॉट फिल्म करना बहुत मुश्किल : हंसिका मोटवानी

अभिनेत्री हंसिका मोटवानी जल्द ही एक-शॉट तेलुगु फिल्म 105 मिनट्स में नजर आएंगी। इस तरह की अनूठी सिनेमाई कहानी में काम करने के बारे में उन्?होंने कहा कि उन्हें चुनौतियां पसंद हैं और वह कुछ अलग करना चाहती हैं।कोई... मिल गया में अपने काम के लिए मशहूर हंसिका एक-शॉट फिल्म की चुनौती स्वीकार करती हैं, जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा और शानदार अभिनय क्षमता का पता चलता है। यह प्रयोगात्मक फिल्म दर्शकों को एक रहस्यमय डरावनी कहानी की ओर आकर्षित करती है,जो बिना किसी कट के 105 मिनट तक चलती है।उसी के बारे में बात करते हुए हंसिका ने कहा, मैंने कभी भी सिंगल शॉट जैसा कुछ नहीं किया है। यह बहुत मुश्किल है क्योंकि सचमुच एक तरफ हवा है, दूसरी तरफ आग और बारिश है ,लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं और मैं कुछ अलग करना चाहती थी इसलिए मैंने ऐसा किया।वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार तेलुगु थ्रिलर फिल्म माई नेम इज श्रुति में नजर आई थीं।उनके पास राउडी बेबी, गार्जियन, मैन और वेब सीरीज नशा भी पाइपलाइन में है।



# शाहिद-कृति की हॉट केमिस्ट्री ने लगाई आग

डे के खास मौके पर रिलीज हो रही इस मूवी का हाल ही में मेकर्स ने दूसरा गाना रिलीज कर दिया है जिसमें दोनों की केमिस्ट्री काफी हॉट है। शाहिद कपूर और कृति सेनन की जोड़ी दिनेश विजन के मैडडॉक बैनर तले बनी फिल्म तेरी बातों में ऐसे उलझा जिया में पहली बार फैंस को देखने को मिलेगी। वैलेंटाइन डे के खास मौके पर रिलीज होने वाली इस मूवी के अब तक कई पोस्टर और ट्रेलर सामने आ चुके हैं। कुछ दिनों पहले ही मूवी का पहला गाना लाल पीली अखियां मेकर्स ने रिलीज किया था।



अब हाल ही में शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का हाल ही में दूसरा गाना अंखियां गुलाब भी आउट हो चुका है, जिसमें दोनों एक्टर्स की केमिस्ट्री देखते ही बन रही हैं।

शाहिद कपूर ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसे उलझा जिया के दूसरे गाने का वीडियो भी शेयर कर दिया है। इस गाने नजर आ रहे हैं।गाने में व्हाइट बिकिनी और शॉर्ट्स में जहां कृति सेनन अपनी मस्त अदाओं से फैंस को मदहोश करती दिखाई दीं, तो वहीं शाहिद कपूर एक बार फिर से डांस का तड़का लगाते हुए नजर आ रहे हैं। उनका ये स्टेप जल्द ही सिग्नेचर स्टेप बनने वाला है। इस गाने को सुनने के बाद आपके पांव खुद ब खुद डांस बीट पर थिरकने लगेंगे।

# मुख्यमंत्री साय ने कैबिनेट में लिया बड़ा फैसला

## साय कैबिनेट की बैठक में अनुपूरक बजट को मिली मंजूरी, यहां देखें महत्वपूर्ण निर्णय



**» राजधानी रायपुर के महानदी भवन मंत्रालय में सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में केबिनेट की हुई बैठक**

**रायपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** राजधानी रायपुर के नवा रायपुर में स्थित महानदी भवन मंत्रालय में सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में केबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में सीएम साय के अलावा, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव समेत केबिनेट के सभी सदस्य मौजूद रहे। केबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बता दें कि, केबिनेट की बैठक में मोदी की गारंटी और आगामी बजट को लेकर चर्चा हुई है।

### कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर लगी मुहर...

साय केबिनेट की बैठक में आबकारी निति वर्ष 2024-25 में अनुमोदन किया है। विनियोग विधेयक 2024 में अनुमोदन करने के प्रस्ताव पर मुहर लगी है। इसके साथ ही बिलासपुर हाईकोर्ट में ज्वाइंट रजिस्ट्रार के 5 पद मंजूर किए गए हैं। इसके साथ ही डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, प्रदेश में अवैध शराब और नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उनोने कहा कि, प्रदेश में धर्मांतरण का मुद्दा बेहद गंभीर हैं।

### बैठक में लिए गए ये महत्वपूर्ण निर्णय

- छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा के द्वितीय सत्र फरवरी मार्च 2024 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- तृतीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2023-2024 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- बजट अनुमान वर्ष 2024-25 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदनकिया गया।
- छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमोदन किया गया है। यह निर्णय लिया गया है कि कोई भी नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी।
- छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय (संशोधन) विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है।
- माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में ज्वाईंट रजिस्ट्रार (एम) के 5 पद आकस्मिकता निधि से सृजित करने का निर्णय लिया गया है।
- इस संशोधन में 'जिला न्यायाधीश' को 'प्रधान जिला न्यायाधीश' और 'अपर जिला न्यायाधीश' को 'जिला न्यायाधीश' करने का प्रावधान रखा गया है।इसी तरह 'व्यवहार न्यायाधीश प्रथम वर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी' तथा 'व्यवहार न्यायाधीश द्वितीयवर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी' तथा 'जिला न्यायालय' को 'प्रधान जिला न्यायालय' से प्रतिस्थापित करने का प्रावधान रखा गया है।



## प्रदेश के 13 आईएएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

### सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही तबादले और अधिकारियों को नई जिम्मेदारी देनें का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में इस बार 13 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से इसका आदेश जारी किया गया है।

### इन अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

पुष्पा साहू,सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल, महादेव कावरे, संचालक, पेंशन विभाग, राजेश सिंह राणा,सीईओ क्रेड़ा, सीआर प्रसन्ना, महानिदेशक, ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, डोमन सिंह, अपर आयुक्त,सरगुजा संभाग, पीएस एल्मा, संचालक, आदिम जाति एवं प्रशिक्षण संस्थान, आनंद मसीह,आयुक्त, वक्फ सर्वे, ऋतुराज रघुवंशी, आयुक्त-सह संचालक स्वास्थ्य सेवा, अमृत विकास टोपनो, सीईओ राज्य जल ग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी, गोपाल वर्मा,सचिव, छग राज्य सूचना आयोग, तुलिका प्रजापति, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, चिराग परियोजना, नीलम नामदेव, सचिव, गृह व जेल विभाग, अंकित आनंद,सचिव, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की जिमेदारी सौंपी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्पूरी को भारत रत्न दिए जाने पर सीएम साय ने जताई प्रसन्नता



**रायपुर,24 जनवरी 2024(ए)।** केंद्र सरकार द्वारा जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर ने अपना पूरा जीवन देश सेवा के लिए बिताया सामाजिक न्याय को लेकर वे सदैव प्रतिबद्ध रहे। अंग्रेजी साम्राज्यवाद के दौर में ब्रिटिश शोषण के विरुद्ध संघर्ष एवं आजाद भारत को सकारात्मक दिशा देने में स्वर्गीय ठाकुर का बड़ा योगदान रहा। केंद्र सरकार द्वारा स्वर्गीय ठाकुर को भारत रत्न दिया जाना ऐतिहासिक फैसला है।

### 27 आला सचिवों के लिए लिंक अफसर की हुई नियुक्ति



**रायपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने सचिवों के लिंक अफसर नियुक्त कर दिए हैं। ये अफसर अवकाश के दिनों में एक दूसरे के विभागीय कार्यों के लिए नियुक्त किए गए हैं। इस सम्बन्ध में आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। जारी आदेश में 27 आला सचिवों के लिंक अफसर नियुक्त किए गए है।

### विस सत्र के दौरान अधिकारियों को नहीं मिलेगा अवकाश




**रायपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र 5 फ़रवरी से प्रारंभ होगा। इस दौरान शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दिया गया है। अपर कलेक्टर ने सर्व विभाग प्रमुख, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि विधानसभा के द्वितीय सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधान सभा द्वितीय सत्र 2024 के दौरान कलेक्टर के बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में नया रोस्टर लागू

**» अब 19 बेंच में होगी मामलों की सुनवाई**

**» पहली डिवीजन बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा शामिल**




**बिलासपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** हाई कोर्ट में आने वाले अलग-अलग मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में आज से नया रोस्टर लागू कर दिया गया है। जिसके मुताबिक अब हाई कोर्ट में 10 सिंगल बेंच, 3 डिवीजन बेंच और 6 स्पेशल बेंच में होगी मामलों की सुनवाई। इनमें पहली डिवीजन बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा शामिल है जो कि डिवीजन बेंच के सभी रिट मैटर, पल ओमान हेवियस कॉरपस पिटीशन आदि की सुनवाई करेंगे। दूसरी डिवीजन बेंच में जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल हैं। इस बेंच में टैक्स के मामलों के अलावा डिवीजन बेंच में सुने जाने वाले कमर्शियल सिविल और कंपनी मामलों की अपील सुनी जाएगी। वहीं तीसरी डिवीजन बेंच में जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल शामिल हैं। इस बेंच में क्रिमिनल मैटर अपील और ट्रिब्यूनल के रिट मैटर की सुनवाई होगी।

इसी तरह हाई कोर्ट में मामलों की सुनवाई के लिए 6 स्पेशल बेंच गठित की गई है, जिसमें पहली बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, दूसरी बेंच में जस्टिस गौतम भादुड़ी, तीसरी बेंच में जस्टिस संजय के अग्रवाल, चौथी बेंच में जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल, पांचवी बेंच में जस्टिस संजय कुमार जायसवाल और छठी बेंच में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल शामिल है। यह बेंच दोपहर 2:15 बजे के बाद विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी।

इसी तरह मामलों की सुनवाई के लिए 10 सिंगल बेंच का भी गठन किया गया है। जिसमें पहली बेंच में दूसरी बेंच में जस्टिस संजय अग्रवाल, दूसरी बेंच में अरविंद सिंह चंदेल, तीसरी बेंच में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू, चौथी बेंच में जस्टिस रजनी दुबे, पांचवी बेंच में जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास, छठी बेंच में जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी, सातवीं बेंच में जस्टिस दीपक कुमार तिवारी, आठवीं बेंच में जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, नौवीं बेंच में जस्टिस राकेश मोहन पांडे और दसवीं बेंच में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल का नाम शामिल है। विस्तृत जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी का अवलोकन कर सकते है।

# वाणिज्य कर विभाग में बड़े पैमाने पर हुए तबादले

### 21 कर अधिकारी हुए इधर से उधर...



**रायपुर,24 जनवरी 2024(ए)।** वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी होने पर 21 अधिकारी/कर्मचारी स्थानांतरित हुए है। वाणिज्यिक कर-जी.एस.टी. विभाग में पदस्थ संयुक्त आयुक्त राज्य कर के 5, राज्य कर उपायुक्त के 2, सहायक आयुक्त राज्य कर के 12, एक राज्य कर अधिकारी एवं एक निरीक्षक राज्य कर सहित 21 अधिकारी/कर्मचारियों के आदेश राज्य कर आयुक्त कार्यालय ने जारी किए हैं।

इनमें से विशेष रुप से ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है जो लंबे समय से एक ही स्थान पर थे और जिनके ख़िलाफ़ लंबे समय से शिकायतें आ रही थी। साथ ही बेहतर काम करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को नई पदस्थापना भी दी गई है। विभागीय मंत्री ओ.पी.चौधरी का कहना है कि, जीएसटी विभाग व्यापारियों के साथ ही आमजनों से जुड़ा विभाग है, अतः विभाग के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता के साथ तेज़ी लाने स्थानांतरण आदेश जारी किये गए हैं। जीएसटी विभाग द्वारा समय समय पर नियमों की जानकारी देने व्यापारियों के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर नियमों की जानकारी एवं इज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस सुनिश्चित करने भी विभाग को निर्देशित किया जाता है। अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण से विभागीय कार्यों में और अधिक पारदर्शिता के साथ सुगमता लाने के मकसद से उक्त स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं।

# एयरपोर्ट के टैक्सी चालकों की गुंडागर्दी पर गृहमंत्री ने दी चेतावनी

**रायपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** एयरपोर्ट में ट्रेवल्स और टैक्सी चालको की गुंडागर्दी पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान आया है। गृहमंत्री ने एयरपोर्ट पर ट्रेवल्स और टैक्सी चालकों को अंतिम कार्रवाई की चेतावनी दी है। मंत्री शर्मा ने कहा कि पहले भी उन्हें पुलिस द्वारा समझाइस दी गई है। यदि अब दुर्व्यवहार करते हैं तो अंतिम कार्यवाही की जाएगी। इससे पहले यात्री और मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार का मामला भी सामने आया है।बुधवार सुबह एयरपोर्ट में एक टैक्सी ड्राइवर राधेश्याम राजपूत ने यात्रियों, और मीडियाकर्मियों से दुर्व्यवहार किया। मीडियाकर्मी डिप्टी सीएम अरूण साव के कार्यक्रम को कवर करने गए थे। उसी दौरान इस ड्राइवर ने दुर्व्यवहार किया। उस दौरान सीआईएसएफ, और माना पुलिस के जवान चश्मदीद थे। भीड़ के विरोध पर माना पुलिस ने राधेश्याम को हिरासत में ले लिया है। वह टैक्सी सर्विस कंपनी ओला/ उबेर का ड्राइवर है। टीआई ने



बताया दोनों पक्षों से कॉउंटर शिकायत हुई है। जांच कर रहे हैं। रायपुर से लेकर बिलासपुर तक एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन तक जगह-जगह पार्किंग ठेकेदारों की गुंडागर्दी ऐसी भयानक है कि अब बिलासपुर में हाईकोर्ट एक जनहित याचिका की तरह दर्ज करके इसकी सुनवाई कर रहा है। लेकिन किसी मामले में कोई सुधार नहीं है, ठीक उसी तरह जिस तरह कि लाउडस्पीकरों की हाईकोर्ट के बार-बार कहने पर भी कोई रोक नहीं है। रायपुर में किसी भी बाजार में चले जाएं, वहां गैरकानूनी पार्किंग ठेका चलते ही रहता है।

# अरपा नदी के संरक्षण के लिए क्या है एक्शन प्लान...?

**» हाईकोर्ट ने शासन से मांगी विस्तृत रिपोर्ट**

**» कोर्ट ने दी चेतावनी जनहित के मामले को गंभीरता से लें,वरना रोजाना सुनवाई होगी**



**बिलासपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** अपना अस्तित्व खोती जा रही अरपा नदी को स्वच्छ रखने तथा इसके संरक्षण और संवर्धन को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर एक्शन प्लान बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया तो प्रतिदिन सुनवाई कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### आदेश के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया..!

दरअसल हाईकोर्ट में पेंड्रा के रामनिवास तिवारी और अधिवक्ता अरविंद कुमार शुक्ला ने अरपा नदी को लेकर एक जनहित याचिका दायर की है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए रिवाइवल कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। इस समिति की कुछ बैठकें हुई थी लेकिन अब तक नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

### नदी के पुल को दिया 'रामसेतु' का नाम, मगर

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि हाल ही में बिलासपुर में नदी के एक पुल को रामसेतु नाम दिया गया है, लेकिन इस सेतु के नीचे गंदे पानी और कचरे का अंबार लगा है। संबंधित अधिकारी नदी के संरक्षण, संवर्धन के लिए गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### राज्य शासन ने दी ये सफाई

शासन की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने बताया कि बिलासपुर में नदी के दोनों तरफ सड़क बनाई जा रही है। इसके अलावा तीन एसटीपी संयंत्र लगाए जा रहे हैं, जिससे गंदे पानी को साफ कर अरपा नदी में प्रवाहित किया जाएगा। दोनों किनारों पर नालों का निर्माण भी चल रहा है।

### कोर्ट ने दी चेतावनी

हाई कोर्ट ने इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए कहा है कि एक्शन प्लान के साथ-साथ स्थायी कार्य कब तक पूरे हो जाएंगे, इस पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह जनहित से जुड़ा मुद्दा है। अधिकारी लापरवाही ना करें वरना कोर्ट उनको रोजाना जवाब देने के लिए बुलाएगी। याचिका पर अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

# धर्मावरम कैंप पर माओवादियों ने दागे थे 1000 बीजीएल

**»3 सौ बीजीएल फटे ही नहीं, कैम्प लूटने की थी मंशा**

**» नक्सली अपने मंसूबे में कामयाब हो जाते तो बड़ा नुकसान होता...**



**बीजापुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा जिले की सीमा पर धर्मावरम कैम्प पर 16 जनवरी को हुए नक्सली हमले में बड़ा खुलासा हुआ है। बताते हैं कि धर्मावरम कैंप पर माओवादियों ने 1000 बीजीएल दागे थे। यह हमला धर्मावरम कैम्प को लूटने की नीयत से किया गया था। तक़रीबन एक हजार बीजीएल दागे थे, इनमें से 3 सौ फटे ही नहीं। अगर नक्सली अपने मंसूबे में कामयाब हो जाते तो बड़ा नुकसान होता।

जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने करीब एक हजार बीजीएल दागे थे। वे जंगली घास से बने विशेष पोशाक पहनकर कैम्प में घुस आए और हमला किया था।

हालांकि, नक्सलियों ने इस हमले में जवानों को मारने और घायल करने का भी दावा किया था, जो झूठ था। इस दौरान तीन नक्सली मारे गए थे यह बात खुद नक्सलियों ने भी स्वीकारी है। वहीं हमले के बाद घटनास्थल से बीजीएल के करीब 300 जिंदा सेल बरामद किया गया था।

### कोंडागांव जतरबेड़ा मार्ग में मिला आईईडी

वहीं बुधवार सुबह करीब 9 बजे कोंडागांव जिले में पुलिसबल ने आईईडी बरामद कर डिफ्यूज कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि, ग्राम बयानार से जतरबेड़ा जाने वाली कच्ची सड़क में आईईडी लगाई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम, बीडीएस टीम कोंडागांव के साथ मौके पर पहुंची।




# 5 लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को 5 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली कमांडर जयलाल ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सली संगठन में परलकोट एलओसी कमांडर के रूप में सक्रिय था। पुलिस पार्टी पर हमला करने और ग्रामीणों की हत्या समेत कई घटनाओं में शामिल था।नारायणपुर पुलिस ने बताया कि, आत्मसमर्पित माओवादी जयलाल पिछले 17 सालों से नक्सल संगठन से जुड़ा हुआ था। नारायणपुर के अलावा कांकेर और बीजापुर जिले में भी बड़े नक्सली लीडरों के साथ काम कर चुका है। ASP हेमसागर सिदार ने बताया कि, माओवादियों की खोखली विचारधारा से तंग आकर उसने हथियार छोड़ा है। पहले विकास का विरोधी था, लेकिन अब विकास का साथ देगा। पूछताछ में कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# बेरहम मां ने एक दिन के बच्चे को चूहों के बिल में छोड़ा

**जगदलपुर,24 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक कलयुगी मां ने अपने बच्चे को चूहों के बिल में छोड़ दिया... बच्चे की रोने की आवाज जब ग्रामीणों ने सुनी तो मौके पर पहुंचे और मासूम की जान बचाई गई।



दरअसल, कोड़ेनार थाना क्षेत्र के तोकापाल गांव की रहने युवती का प्रेम प्रसंग एक युवक से चल रहा था। प्रेम संबंधों के दौरान दोनों में शारीरिक संबंध बना, जिसके चलते युवती गर्भवती हो गई। युवती ने 22 जनवरी को आधी रात बच्ची को जन्म दिया। इसकी जानकारी युवती ने अपने प्रेमी को दी। प्रेमिका की बात सुनकर प्रेमी ने बच्ची को अपनाने से इंकार कर दिया। जिसके बाद लोक लाज के भय से युवती ने अगले दिन नवजात को गांव में ही नीलगिरी के पेड़ के पास चूहों के बिल में छोड़ दिया।

थोड़ी देर बाद गांव के ग्रामीणों ने बच्चे की रोने की आवाज सुनी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो रोते हुए नवजात को उठाया और इसकी जानकारी पुलिस और एम्बुलेंस को दी। संजीवनी 108 एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चेकअप करवाने के बाद बच्ची को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान बच्ची की स्थिति खतरे से बाहर है। वही पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)